City News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-215
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**सुविचार**

'कामयाबी'
सुबह की तरह होती है, मांगने पर नहीं जागने पर मिलती है

# सिटी चीफ



CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

इंदौर, रविवार 10 नवम्बर 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

## नौसेना दिवस पर दिखेगी भारत की ताकत, थर्राएंगे दुश्मन देश




नई दिल्ली। भारतीय नौसेना दिवस के मौके पर पुरी में होने वाले कार्यक्रम में 4 दिसंबर को इस बार नेवी के बेडे में शामिल हाईटेक हथियारों को प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा नई तकनीकी की अन्य रक्षा प्रणालियों को प्रयोग से बने रक्षा उपकरणों को प्रदर्शित किया जाएगा। कार्यक्रम ओडिशा के पुरी में आयोजित किया जाएगा। ऑपरेशनल प्रदर्शन के दौरान नौसेना की बहुमुखी दक्षता दिखेगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो रही हैं। भारत ने पिछले एक दशक के भीतर अपनी तीनों सेनाओं जल, थल और वायु सेना के क्षमताओं का काफी विस्तार किया है। भारत के पास वर्तमान में मौजूद आधुनिक हथियारों का जखीरा दुश्मन देशों के लिए सबक है। भारतीय नौसेना आधुनिक तकनीकी के प्रयोग में सबसे आगे है।

## पाकिस्तान के 7 शहर दुनिया में सबसे प्रदूषित, स्कूल और पार्क बंद



कराची। पाकिस्तान में प्रदूषण के नए रिकॉर्ड बन गए हैं, जहां मुल्तान का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 2,100 के पार पहुंच गया है, जिसके बाद पंजाब सरकार को स्कूलों और पार्कों को 8 नवंबर से 17 नवंबर तक बंद करने का आदेश देना पड़ा है। पाकिस्तान में कई शहरों में प्रदूषण के स्तर ने खतरनाक स्थिति पैदा कर दी है, और रिपोर्ट के अनुसार मुल्तान (एक्यूआई 2135) के बाद लाहौर (एक्यूआई 676) का प्रदूषण स्तर सबसे अधिक रहा है। इसके अलावा, पाकिस्तान के सात शहर दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल हो गए हैं। हाल ही में, पाकिस्तान ने लाहौर के प्रदूषण के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया था, जब लाहौर में एक्यूआई 1,900 तक पहुंच गया था, जो कि पाकिस्तान-भारत सीमा के पास का सबसे उच्चतम स्तर था। पाकिस्तान सरकार की कार्रवाई पंजाब प्रांत सरकार ने प्रदूषण की स्थिति को गंभीर देखते हुए, स्कूलों, म्यूजियम और मनोरंजन पार्कों को बंद करने का फैसला लिया। यह निर्णय लाहौर, गुजरांवाला, फैसलाबाद, मुल्तान, शेखुपुरा, कसूर, ननकाना साहिब, गुजरात, हाफिजाबाद, मंडी बहाउद्दीन, सियालकोट, नारोवाल, चीनीत, झंग और टेक सिंह जिलों में लागू होगा।

## जम्मू-कश्मीर में सेना ने एक आतंकी को किया ढेर, सोपोर के जंगल में एनकाउंटर



बारामूला। जम्मू-कश्मीर के बारामूला के सोपोर में शनिवार शाम को सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया है। इससे पहले 8 नवंबर को सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया था। इसके बाद से ही सोपोर में सर्च ऑपरेशन जारी है। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को रामपुर जंगल में 2-3 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद से सुरक्षाबलों का जॉइंट सर्च ऑपरेशन जारी है। इसी दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की। जवाबी फायरिंग में एक आतंकी मारा गया है। एनकाउंटर जारी है। सोपोर में सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया था। सेना ने सगीपोरा और पानीपोरा में सर्च ऑपरेशन चलाया था। सोपोर के इन इलाकों में 7 नवंबर की रात से एनकाउंटर जारी था। यहां 2-3 आतंकियों के छिपे होने की खबर मिली थी।

# सीएम बोले- और बढ़ाएंगे लाडली बहना योजना की राशि

**नेहरू स्टेडियम में पांच हजार युवतियों ने एक साथ तलवारबाजी कर बनाया रिकॉर्ड**

**सफाई से लेकर तलवारबाजी तक इंदौर की धाक**




इंदौर। इंदौर के नेहरू स्टेडियम में शनिवार को पांच हजार युवतियों ने एक साथ तलवारबाजी कर रिकॉर्ड बनाया। इस आयोजन के साक्षी बने मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि हमने लाडली बहना के खाते में किस्त डालकर महिला सशक्तिकरण को बढ़ाया है। लाडली बहन योजना की राशि सरकार और बढ़ाएगी। पहले यह राशि एक हजार रुपये थी। फिर 1250 रुपये की गई। अब जल्दी ही यह राशि और बढ़ाई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर ने सफाई से लेकर तलवारबाजी तक धाक जमाई है। इंदौर जो भी करता है अद्भुत करता है। उन्होंने कहा कि देश के सबसे बड़े लोकतंत्र में होने वाले राज्य और आम चुनाव में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित की जाएंगी। मोदी सरकार ने ऐतिहासिक फैसला लिया है।

**मुख्यमंत्री ने भी घुमाई तलवार** स्टेडियम में सोलहश्रृंगार कर लुगड़ा पहनकर आई युवतियां जय भवानी जय शिवाजी का नारा लगा रही थीं। इसके बाद देशभक्ति के गीतों के बीच तलवारबाजी की गई। आयोजन में एक लड़की को तलवार से चोट भी लग गई। इस दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी तलवार घुमाई।

**सिंगल क्लिक से जारी की राशि** आयोजन में उन्होंने लाडली बहना योजना की किस्त की राशि सिंगल क्लिक से जारी की। अन्य योजनाओं की राशि भी हितग्राहियों को जमा की। आयोजन में केंद्रिय मंत्री सावित्री ठाकुर, पूर्व अभिनेत्री जया प्रदा भी मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एक अन्य आयोजन में दिव्यागों को ट्राईसिकल भी दी।

# पाकिस्तान में आत्मघाती हमले में 14 सैनिकों समेत 26 की मौत

**क्वेटा रेलवे स्टेशन पर हुए ब्लास्ट में 50 से ज्यादा हुए घायल, बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली जिम्मेदारी**



इस्लामाबाद। पाकिस्तान के क्वेटा रेलवे स्टेशन पर शनिवार सुबह ब्लास्ट में 26 लोगों की मौत हो गई। धमाके में 50 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। पाकिस्तान मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हमले की जिम्मेदारी मिलिटेंट ग्रुप बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली है। बीएलए प्रवक्ता ने कहा कि आत्मघाती हमले को मजीद ब्रिगेड यूनिट ने अंजाम दिया। उनका निशाना मिलिटेंट इन्फैंट्री स्कूल के सैनिक थे, जो कोर्स पूरा कर जाफर एक्सप्रेस से पेशावर जाने वाले थे। अधिकारियों ने बताया कि कई घायल यात्रियों को मौत अस्पताल में हुई। क्वेटा सिविल हॉस्पिटल के प्रवक्ता वसीम बैग ने पाकिस्तानी अखबार द डॉन को बताया कि मारे गए लोगों में 14 आर्मी जवान और 12 आम नागरिक हैं।

**आने वाली थी ट्रेन, 100 से ज्यादा लोग थे मौजूद** पाकिस्तानी न्यूज वेबसाइट ट्रिब्यून एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक जाफर एक्सप्रेस के प्लेटफॉर्म पर पहुंचने से ठीक पहले यह हादसा हुआ। क्वेटा के एक सीनियर पुलिस अफसर ने कहा कि ट्रेन को 9 बजे पेशावर के लिए रवाना होना था। हादसे के वक्त यात्री ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ब्लास्ट के वक्त प्लेटफॉर्म पर 100 से ज्यादा लोग थे। कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि धमाका बुकिंग ऑफिस के पास हुआ।

**शरीफ बोले- दोषियों को नहीं बख्शेंगे** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस घटना को लेकर कहा कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने घटना के बाद इमरजेंसी मीटिंग बुलाई और तुरंत जांच का आदेश दिया।

**26 अगस्त को उड़ा दिया था पुल** बलूच लिबरेशन आर्मी ने 26 अगस्त को रेलवे पुल को ब्लास्ट से उड़ा दिया था। इसके बाद क्वेटा और पेशावर के बीच रेल सेवा बंद हो गई थी। करीब डेढ़ महीने बाद 11 अक्टूबर से दोबारा दोनों शहरों के बीच ट्रेन सर्विस शुरू की गई थी।

सड़क निर्माण की किस्त जारी करने के लिए पंचायत लेखापाल ने मांगे थे 50 हजार रुपए

# जनपद पंचायत गंधवानी का लेखापाल 40 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार



इंदौर। इंदौर लोकायुक्त इकाई ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार को गंधवानी जनपद पंचायत (जिला धार) कार्यालय के लेखापाल मनोज कुमार बैरागी को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। लोकायुक्त के पुलिस महानिदेशक जयदीप प्रसाद के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। गुलाब सिंह अजनारे, जो ग्राम पंचायत बलवारी कला में सरपंच प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत हैं, ने लोकायुक्त को शिकायत दर्ज कराई थी। उनके अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा 10 लाख रुपये की राशि से सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा था। इस परियोजना के लिए ग्राम पंचायत के खाते में पहले 3 लाख रुपये की पहली किस्त जारी की गई थी। अब अंतिम किस्त की राशि का मूल्यांकन होना था, जिसके बाद उसे जारी किया जाना था। अजनारे ने बताया कि इसके लिए जनपद पंचायत कार्यालय में उनके द्वारा तैयार किया गया मांग पत्र जिला पंचायत कार्यालय भेजा जाना था। लेकिन इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए, लेखापाल मनोज कुमार बैरागी ने उनसे 50 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। गुलाब सिंह अजनारे ने इस संबंध में लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक श्री राजेश सहाय के समक्ष शिकायत की, जिसके बाद शिकायत का सत्यापन कराया गया और रिश्वत की मांग को लेकर बातचीत के दौरान 50 हजार की रिश्वत पर समझौता हुआ। लोकायुक्त की ट्रैप कार्रवाई 9 नवम्बर 2024 को लोकायुक्त ने इस मामले की जांच पूरी करते हुए ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया। लोकायुक्त की टीम ने मनोज कुमार बैरागी को उनके कार्यालय में 40 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया।

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी टीम इंडिया

**बीसीसीआई को भारत सरकार से नहीं मिली हरी झंडी**



नई दिल्ली। भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी। बीसीसीआई को भारत सरकार की तरफ से पड़ोसी देश की यात्रा करने की अनुमति नहीं मिली है। इस स्थिति में आईसीसी और पीसीबी को हाइब्रिड मॉडल पर विचार करना होगा और पाकिस्तान के अलावा एक और वेन्यू तलाश करना होगा। चैंपियंस ट्रॉफी में आठ टीमें हिस्सा लेंगी जिन्हें चार-चार के दो ग्रुपों में बांटा जाएगा। इन टीमों में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और गत चैंपियन पाकिस्तान शामिल है। भारत और पाकिस्तान के बीच 2012-13 से द्विपक्षीय सीरीज नहीं हो रही है और दोनों टीमें सिर्फ आईसीसी टूर्नामेंट या एशिया कप जैसे बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में ही एक दूसरे का सामना करती हैं।

# बुरहानपुर में घर से मिला 4 क्विंटल गौमांस

**फरार आरोपियों के ठिकानों से आपत्तिजनक चीजें भी जब्त**

बुरहानपुर। मप्र के बुरहानपुर में पुलिस ने एक मकान से 4 क्विंटल अवैध गोमांस बरामद किया है। इसके अलावा मांस काटने के औजार सहित आपत्तिजनक चीजें भी बरामद की हैं। गणपति नाका थाना पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हालांकि, आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब हो गए। पुलिस अब उनका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है। फरार आरोपियों पर रासुका जैसी गंभीर कार्रवाई करने की तैयारी की जा रही है। यही नहीं पुलिस ने फरार आरोपियों पर 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित कर दिया है।

थाना प्रभारी सुरेश महाले गश्त के दौरान शहर के ट्रांसपोर्ट नगर पहुंचे थे। यहां उन्हें जानकारी मिली थी कि आजाद नगर क्षेत्र में अफजल कसाई और शेख चांद उर्फ चंदु कसाई अपने मकान के पास बने बाड़े में गौवंश को काटकर बेच रहे हैं। जानकारी मिलते ही घटना स्थल के अति संवेदनशील क्षेत्र में होने के चलते पूरे बल के साथ सीएसपी गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में दबिश दी गई। इस दौरान पुलिस को देखकर अफजल पिता महबूब, शेख चांद उर्फ चंदु पिता, इमरान पिता अहमद हाजी और नसीर पिता बशीर कसाई सहित अन्य 2 कसाई मौके का फायदा उठाकर भाग गए।

**बंगाल की खाड़ी से आ रही पूर्वी हवा दिखाएगी असर, इस माह पचमढ़ी में 10 डिग्री तक गिर सकता है पारा**

# पारा गिरने के बावजूद इस बार कम रहेगा ठंड का असर



भोपाल। नवंबर में हर साल ठंडी हवाओं का असर बढ़ता है, लेकिन इस बार मप्र में वर्तमान मौसम परिस्थितियों के कारण ठंड की शुरुआत अपेक्षाकृत हल्की रहने की संभावना है। कुछ शहरों में रात का तापमान सामान्य से 1 से 1.5 डिग्री तक ज्यादा रह सकता है, लेकिन तापमान में गिरावट के बावजूद ठंड का असर कम होगा। इस मौसम में राज्य के कई हिस्सों में ठंडी रातें और सामान्य दिन का तापमान आमतौर पर देखने को मिलता है, और यही हाल इस साल भी देखने को मिल सकता है। मौसम केंद्र, भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. एम खान के अनुसार, बंगाल की खाड़ी से चल रही पूर्वी हवाएं प्रदेश में बनी रहेंगी। ये हवाएं उत्तरी हवाओं के मुकाबले ज्यादा प्रभावी रहेंगी, जिससे प्रदेश में ठंड का असर कम होगा। सामान्यतः नवंबर में उत्तर भारत में बर्फबारी के बाद उत्तरी हवाएं आने लगती हैं, जो मध्य प्रदेश में ठंडी का प्रभाव बढ़ा देती हैं, लेकिन इस बार पूर्वी हवाओं के प्रभाव के चलते ठंड में ज्यादा गिरावट की संभावना नहीं है। नवंबर के आखिरी सप्ताह में मौसम की यह हल्की से मध्यम बदलाव की स्थिति प्रांतीय किसानों और लोगों के लिए राहत की खबर हो सकती है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां तापमान सामान्य रहता है और ठंड का असर कम होता है। मौसम विभाग के अनुसार, मध्य प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून के समाप्त होने के बाद का मौसम सामान्यतः शांत रहता है, लेकिन इस दौरान आसमान में बादल बने रहते हैं और दिन में उमस का अनुभव नहीं होता।

**ग्वालियर-चंबल संभाग में बारिश की संभावना** मध्य प्रदेश में नवंबर के अंतिम सप्ताह में मौसम में हलका बदलाव देखने को मिल सकता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), भोपाल के अनुसार, ग्वालियर और चंबल संभाग में हल्की बारिश की संभावना है। हालांकि, अन्य हिस्सों जैसे भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, जबलपुर, सागर, रीवा और शहडोल संभागों में मौसम साफ रहेगा। इन क्षेत्रों में दिन के समय गर्मी महसूस हो सकती है, जबकि रातें ठंडी रहेंगी। मौसम विभाग के अनुसार, ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में बंगाल की खाड़ी से आ रही पूर्वी हवाओं के कारण हल्की बारिश हो सकती है। यह बारिश क्षेत्र के तापमान को कम कर सकती है और कुछ राहत प्रदान कर सकती है। हालांकि, अन्य क्षेत्रों में मौसम सामान्य रहेगा, और यहां बारिश की संभावना नहीं है।

**इंदौर सहित प्रमुख क्षेत्रों में कोई बड़ा बदलाव नहीं** इंदौर और अन्य मध्यप्रदेश के प्रमुख क्षेत्रों में मौसम में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। दिन में हल्की गर्मी महसूस हो सकती है, लेकिन रातें ठंडी रह सकती हैं। विशेष रूप से पचमढ़ी और अमरकंटक जैसे ऊंचे इलाकों में ठंड का असर अधिक रहेगा। यहां तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे जा सकता है, जिससे यहां शीतलहर जैसी स्थिति बन सकती है।

## सिंगल कॉलम

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**इंदौर।** इंस्टाग्राम पर खुद को सब इंस्पेक्टर बताकर युवती से दोस्ती करने के बाद उससे दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। डकाच्या निवासी आरोपी पांच साल संपर्क में रहा और शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा। युवती को असलियत पता चली तो धमकाने लगा। मल्हारगंज टीआई शिव रघुवंशी के अनुसार 30 वर्षीय महिला ने शिकायत की थी कि 2019 में उसकी इंस्टाग्राम के जरिए दीपक पटेल से दोस्ती हुई थी। दीपक इंदौर के ग्रामीण क्षेत्र डकाच्या का निवासी है। इंस्टाग्राम के जरिए दोनों की पहचान हुई। पहचान दोस्ती में बदली और आगे दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हुआ। पीड़ित महिला का आरोप है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी युवक ने खुद को पुलिस अधिकारी बताया था। वर्दी में फोटो भेजी थी। पुलिस इसकी जांच कर रही है। पुष्टि होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने सब इंस्पेक्टर की वर्दी पहना फोटो लगा रखा था। उसने खुद का परिचय देते हुए कहा था वह सब इंस्पेक्टर है। उसके एसआई होने से प्रभावित हुई और साथ घूमने-फिरने लगी। एक साल बाद युवती ने कहा माता-पिता से शादी की बात कर लो। तब वह गालीगलौज करने लगा। इसके बाद 1 साल तक हमारे बीच बात नहीं हुई। मेरे जन्मदिन वाले दिन उसने मेरी बहन को कॉल कर कहा कि तुम्हारी बहन से कहो मुझसे बात करे। दीपक से बात हुई तो बोला तुमने मुलाकात नहीं की तो तुम्हारे निजी फोटो-वीडियो वायरल कर दूंगा। डर कर उससे मिलने लगी और उसका कहा मानने लगी।

### बीमार पिता की सेवा के लिए जिसे बुलाया, वही निकला चोर

**इंदौर।** घर से रुपए और जेवर चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। उसे चचेरे भाई के इलाज के लिए रुपए की जरूरत थी, इसलिए वो चोर बन गया। फरियादी ने आरोपी को बीमार पिता की सेवा के लिए बुलाया था। परदेशीपुरा थाना पुलिस के अनुसार 7 नवंबर को दोपहर में फरियादी अपर्णा मेहता निवासी 355 क्लर्क कॉलोनी ने घर से 50 हजार रुपए कैश और सोने के ब्रेसलेट सहित अन्य आभूषण चुराए जाने की रिपोर्ट की थी। घर में बीमार पिता की सेवा के लिए युवक अजय सिसोदिया उम्र 22 साल निवासी मयूर नगर को बुलाया गया था। उसी पर चोरी करने की शंका फरियादी ने जाहिर की। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले में जांच शुरू की। पुलिस की टीम ने 8 घंटे में आरोपी को चिन्हित कर उसे दबोच लिया। आरोपी के पास से चोरी किए गए रुपए में से 7 हजार रुपए और सोने का ब्रेसलेट, मंगलसूत्र और चांदी के अन्य आभूषण कीमती लगभग 1 लाख 50 हजार रुपए जब्त किए गए। पुलिस ने घटना के 36 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया। आरोपी को चचेरे भाई के इलाज के लिए रुपए की जरूरत थी। नगदी और जेवर देखकर उसकी नीयत डोल गई। आरोपी के खिलाफ संयोगितागंज थाने में एनडीपीएस एक्ट और परदेशीपुरा में धारा 303 बीएनएस का केस दर्ज है।

### सिद्ध चक्र मंडल विधान का घटयात्रा के साथ शुभारंभ

**इंदौर।** एरोड्रम रोड, अंजनि नगर स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर पर अष्टानिका महापर्व के उपलक्ष्य में श्री सिद्धचक्र मंडल विधान का दिव्य आयोजन घट यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया है। मंदिर के वरिष्ठ हेमंत-अनिता गदिया परिवार द्वारा प.पू. मुनिश्री विप्रणत सागर म.सा. के सानिध्य में सिद्धचक्र मंडल विधान और घट यात्रा के साथ इसका शुभारंभ हुआ। आयोजन समिति के ऋषभ पाटनी एवं अक्षय काला ने बताया कि मुनिश्री के सानिध्य में अंजनि नगर मंदिर से प्रारंभ होकर घट यात्रा चंदाप्रभु मार्गलिक भवन पहुंची, जहां सर्वप्रथम मंडप का उदघाटन समाजसेवी देवेन्द्र सोगानी, संजय मोदी, अशोक टोंग्या, राजेश काला, चंद्रकुमार गोधा, दिलीप लोहड़िया, नितिन पाटोदी, सुरेश जैन, नरेन्द्र बड़जात्या एवं अन्य समाजबंधुओं की मौजूदगी में किया गया। इसके बाद श्रीमती कनकलता, हेमंत-श्रीमती अनिता, अनंत-श्रीमती अदिति और गदिया एवं काला परिवार के प्रदीप झकल्पना, अक्षय, रितिक, आयरा की ओर से ध्वजारोहण किया गया। दीप प्रज्ज्वलन विजय-मंजुला गदिया, विमलचंद-स्नेलता पांड्या, आजादकुमार-पुष्पलता गंगवाल आदि ने किया। आयोजन में कमल, चक्रेश एवं अनिल परिवार द्वारा मंगल कलश की विधि संपन्न की गई। समाजबंधुओं ने पूरे उत्साह के साथ महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ में भाग लिया। अनुष्ठान में आज 9 नवम्बर से 15 नवम्बर तक प्रतिदिन सुबह 6.30 बजे से मंगलाष्टक, अभिषेक, शांतिधारा, नित्य नियम, पूजन, प्रवचन एवं विधान पूजन होंगे, वहीं शाम 7 बजे से संगीतमय आरती, शास्त्र प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। वाणी भूषण पं. नितिन झांझरी एवंसंगीतकार सचिन तन्मय जैन के निर्देशन में अनुष्ठान की सभी गतिविधियां की जा रही हैं।

## अधिकारियों की लापरवाही के कारण काट दिए गए थे 3227 हरे-भरे पेड़

# अवैध कटाई के दोषी वन अफसरों की पेंशन से होगी वसूली

**सिटी चीफ इंदौर।**
इंदौर। जिले के चोरल क्षेत्र में जंगलों की अवैध कटाई को लेकर वन विभाग ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। तत्कालीन उप वन मंडल अधिकारी आरएन सक्सेना और गंजबासौदा में उपवन मंडल अधिकारी रहे सहायक वन संरक्षक पर कार्रवाई करते हुए, उनकी पेंशन से वनक्षेत्र को हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी। इन अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता के कारण 3227 कीमती हरे-भरे वृक्षों की अवैध कटाई हुई, जिसकी भरपाई अब विभाग द्वारा की जाएगी।



चोरल वन परिक्षेत्र में हुई इस अवैध कटाई में 227 बेशकीमती हरे वृक्षों का नुकसान हुआ। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस घटना के बारे में जानकारी मिलने के बावजूद तत्कालीन उप वन मंडल अधिकारी ने किसी भी दोषी के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं की। इस लापरवाही के कारण क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ और प्राकृतिक संसाधनों की हानि भी हुई। वन विभाग ने अपनी जांच में पाया कि इस अनियमितता में सहायक वन संरक्षक और अन्य अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध थी। आरोप है कि उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन ठीक से नहीं किया, जिसके चलते इस बड़ी पर्यावरणीय क्षति का सामना करना पड़ा।

**अधिकारियों ने मानी गलती**
रिटायर हो चुके अधिकारी आरएन सक्सेना ने अपनी लापरवाही को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने वन विभाग के समक्ष यह मान लिया कि उनकी उदासीनता के कारण यह घटना घटी। इसके परिणामस्वरूप, विभाग ने एक अहम कदम उठाया है। अब उनकी पेंशन से 5 साल तक 10त्न राशि काटकर इस नुकसान की भरपाई की जाएगी।

**रोपण और सुरक्षा में अनियमितता**
इसके अलावा, गंजबासौदा में उपवन मंडल अधिकारी रहे सहायक वन संरक्षक आरएन सक्सेना और सिरोंज में प्रभारी उपवन मंडल अधिकारी को भी जिम्मेदार ठहराया गया है। इन अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने बिगड़े हुए वनों के सुधार और वृक्षारोपण कार्य में अनियमितताएं कीं। तत्कालीन वन परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण लटेरी ने बीट मुस्कुरा क्षेत्र में वृक्षारोपण के लिए क्षेत्रीय तैयारी और सुरक्षा में लापरवाही बरती थी। इस कृत्य के लिए भी विभाग ने जांच शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**विभागीय कार्रवाई भी होगी**
वन विभाग ने इस पूरे मामले में गंभीरता दिखाई है और कहा है कि यह घटना अधिकारियों की लापरवाही के कारण हुई है, इसलिए संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों की पेंशन से वसूली के अलावा, उन पर विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी, जिससे कि भविष्य में ऐसे कृत्य न हों। इस कार्रवाई का उद्देश्य न केवल अधिकारियों को जवाबदेह ठहराना है, बल्कि वन संरक्षण और पर्यावरणीय सुरक्षा के प्रति सख्त रुख अपनाने का भी संकेत देना है।

वन क्षेत्र में अनियमितताओं और लापरवाही के मामलों को गंभीरता से लेते हुए, वन विभाग ने इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने का निर्णय लिया है। प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा की आवश्यकता यह घटना प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की दिशा में एक गंभीर चेतावनी है। राज्य सरकार और वन विभाग द्वारा इस प्रकार के मामलों में कड़ी निगरानी और कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली घटना**
इंदौर के चोरल में हुई यह अवैध कटाई न केवल वन क्षेत्र की हानि का कारण बनी, बल्कि यह पर्यावरणीय असंतुलन भी पैदा कर सकती थी। अब वन विभाग की इस सख्त कार्रवाई से यह संदेश जाता है कि राज्य में वन संरक्षण के मामलों में कोई भी ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह कदम इस दिशा में एक अहम प्रयास के रूप में देखा जा रहा है, जो प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## बचाव करने आए भाई से मारपीट, घटना के विरोध में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने का किया घेराव

# पार्षद के बेटे ने की छात्रा से छेड़छाड़ एफआईआर दर्ज



**सिटी चीफ इंदौर।**
भंवरकुआं थाना क्षेत्र में पार्षद के बेटे ने एक युवती से छेड़छाड़ की। मुंहबोले भाई ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी पक्ष का कहना है कि लेन-देन के विवाद में बिना वजह माहौल बनाया गया है।
भंवरकुआं थाना पुलिस के मुताबिक, द किंग ट्रायंगल कैफे में तीन इमली निवासी एक छात्रा कॉफी पीने पहुंची थी। उस दौरान आरोपी उमेर आया और छात्रा से छेड़छाड़ करने लगा। उसने छात्रा का हाथ पकड़ लिया। छात्रा द्वारा विरोध करने पर भी वह नहीं माना। यह देख छात्रा के मुंह बोले भाई ने विरोध किया तो उमेर ने उसे जबरदस्ती कार में बैठाया और साथ ले गया। रास्ते में उसके साथ मारपीट की और धमकाकर चला गया।

**आरोपी पक्ष बोला- बिना वजह माहौल बनाया**
घटना के बाद युवक छात्रा के साथ आरोपी उमेर खान पर केस दर्ज करवाने भंवरकुआं थाना पहुंचा। सूचना पर बजरंग दल के कार्यकर्ता भी थाने पहुंचे और घेराव किया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ के केस दर्ज किया है। आरोपी युवक पार्षद पुत्र है। वहीं मामले में दूसरे पक्ष का कहना है कि, लेन-देन के विवाद में बिना वजह माहौल बनाया गया है। दबाव बनाकर झूठा केस दर्ज करवाया गया है।

**बजरंग दल चलाएगा चेकिंग अभियान**
जानकारी के मुताबिक वर्ग विशेष युवकों द्वारा भंवरकुआं क्षेत्र में बने कैफे में बैठकर हिन्दू लड़कियों से नाम छुपकर दोस्ती कर उन्हें लव जिहाद का शिकार बनाए जाता है। इस मामले के बजरंगियों ने चेतावनी दी है कि जल्द ही भंवरकुआं थाना क्षेत्र में बने कैफे पर चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

## इंदौर की हिंदू युवती और जबलपुर के हसनैन अंसारी की शादी पर हाईकोर्ट में सुनवाई

# कानूनी रूप से मान्य नहीं हो सकती मुस्लिम लड़के और हिंदू लड़की की शादी



**सिटी चीफ इंदौर।**
इंदौर। इंदौर की हिंदू युवती और जबलपुर के सिहोरा के हसनैन अंसारी की शादी के मामले में शुक्रवार को जबलपुर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैथ और जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने 22 अक्टूबर को सिंगल बेंच द्वारा दिए गए आदेश पर रोक लगा दी। सिंगल बेंच ने अपनी पिछली सुनवाई में प्रेमी युगल को सुरक्षा प्रदान करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक को दिए थे। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया था कि दोनों अलग-अलग रहेंगे और एक-दूसरे से संपर्क नहीं करेंगे। युवती और युवक ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा था कि उनकी शादी 12 नवंबर को तय है और उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए ताकि कोई अप्रिय घटना न घटे। युवती के पिता ने सिंगल बेंच के इस आदेश को चुनौती दी थी, जिसके बाद मामला डिवीजन बेंच में सुनवाई के लिए पहुंचा।
हाईकोर्ट ने शुक्रवार की सुनवाई के दौरान 2023 में एक अन्य मामले का उल्लेख किया, जिसमें मुस्लिम लड़के और हिंदू लड़की की शादी को लेकर फैसला लिया गया था। इस मामले में जस्टिस जीएस अहलूवालिया की कोर्ट ने यह फैसला सुनाया था कि मुस्लिम लड़का या लड़की दूसरी धर्म में शादी नहीं कर सकते हैं। कोर्ट ने इस फैसले में स्पेशल मैरिज एक्ट के सेक्शन 4 का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि इस एक्ट के तहत एक मुस्लिम लड़के और हिंदू लड़की की शादी कानूनी रूप से मान्य नहीं हो सकती।

## अवैध रूप से बन रहे 8 मकानों पर चला निगम का बुलडोजर

**सिटी चीफ इंदौर।**
इंदौर के सिरपुर तालाब के आसपास बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध निर्माण के खिलाफ नगर निगम ने सख्ती दिखाई है। पहले तालाब के आसपास के हिस्से का सर्वे कराया गया। इसके बाद शनिवार को नगर निगम का अमला अवैध निमार्णों को हटाने पहुंचा।
सिरपुर तालाब को रामसर साइट घोषित किया गया है। इसके बावजूद सरकारी जमीन पर कब्जे होने लगे थे। शनिवार रिमूवल टीम ने सड़क और तालाब कैचमेंट एरिया के बीच बनी गुमटियों को हटाया। हंगामे की स्थिति के मद्देनजर निगम के सीनियर अधिकारी पुलिस बल के साथ में थे। शुरू में लोगों ने हंगामा किया लेकिन जब सख्ती की तो पीछे हटना पड़ा। इस दौरान खिजरापार्क अवैध कॉलोनी के पास के भी 6 अवैध निर्माण हटाए गए, इसके साथ ही 16 बाउण्ड्रीवाल को ढहाया गया। जानकारी के मुताबिक तालाब किनारे दस से ज्यादा गुमटियां बन गई थी। इन्हें नगर निगम ने हटाया। यहां एक मस्जिद के आसपास भी अवैध गुमटियां बन गई थी जिन्हें तोड़ा गया। इसके आए एक चाय की गुमटी हटाने नगर निगम का अमला पहुंचा तो दुकानदार ने कर्मचारियों के साथ हुज्जत शुरू कर दी। उसका कहना था कि गुमटी हटाने से उसका रोजगार छिन जाएगा, लेकिन अफसरों ने कहा कि तालाब किनारे इस तरह अवैध गुमटी नहीं लगाई जा सकती। अतिक्रमणकारी ने हाथापाई शुरू कर दी तो कर्मचारियों ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। इसके बाद अन्य निर्माण भी हटाए गए।
तालाब के आसपास से अतिक्रमण हटाने के बाद नगर निगम का अमला खिजराबाद कॉलोनी पहुंचा। यहां नक्शा मंजूर कराए बगैर अवैध निर्माण हो रहे थे।
अफसरों ने पहले यहां स्वेच्छता से अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिया था, लेकिन लोगों ने काम नहीं रोका। नगर निगम ने सिरपुर तालाब के आसपास 100 से ज्यादा अतिक्रमण चिन्हित किए है। अब धीरे-धीरे उन्हें हटाया जाएगा। सिरपुर तालाब को रामसर साइट का दर्जा मिला है। यहां ठंड के दिनों में दूसरे देशों से पक्षी आते है और चार माह तक सिरपुर तालाब के आसपास डेरा डालते है।

## रामेश्वर महादेव मंदिर पर छप्पन भोग एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन आज

**सिटी चीफ इंदौर।**
इंदौर। नारनोली अग्रवाल पंचायती ट्रस्ट द्वारा मल्हारगंज तेली बाखल स्थित पंचायती ट्रस्ट भवन पर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन रविवार 10 नवम्बर को सांय 7 बजे से होगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेशचंद्र मित्तल और मंत्री हुकमचंद अग्रवाल ने बताया कि भवन परिसर स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर में 56 भोग दर्शन, श्रृंगार एवं महाआरती के साथ यह महोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर समाज के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित होकर एक-दूसरे को दीपोत्सव की शुभकामनाएं देंगे।

## टीपीए ने जीएसटी रिटर्न दाखिल करने की नई व्यवस्था सहित नई धाराओं के प्रभावों पर की चर्चा

# जीएसटी में लागू हुआ इनवायस मैनेजमेंट सिस्टम

**सिटी चीफ इंदौर।**
इंदौर। जीएसटी काउंसिल की अनुशंसा पर जीएसटी एक्ट में कुछ परिवर्तन एक नवंबर से लागू हुए हैं। इन पर चर्चा के लिए शुक्रवार को टैक्स पेशेवर एकत्र हुए। टैक्स प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन (टीपीए) ने जीएसटी रिटर्न दाखिल करने की नई व्यवस्था इनवायस मैनेजमेंट के साथ नई धाराओं के प्रभावों पर भी बात की।




टीपीए की परिचर्चा में बोलते हुए सीए उमेश गोयल ने कहा कि सरकार द्वारा करदाताओं को वर्ष 2017-18 से 2019-20 तक धारा 73 के अंतर्गत निकाली गई कर की मांग पर जीएसटी कानून में एक नई धारा 128-ए का समावेश करके इस पर ब्याज एवं पेनल्टी में छूट प्रदान की गई है। इसके लिए पोर्टल पर फार्म भरकर 31 मार्च 2025 तक टैक्स का भुगतान करना होगा।

**अब बिल का मिलान करना होगा**
पोर्टल पर लागू इनवायस मैनेजमेंट सिस्टम की जानकारी देते हुए सीए यश खंडेलवाल ने कहा कि जीएसटी लागू होने के सात साल बाद इनवायस मैनेजमेंट सिस्टम लाया गया है। अभी तक क्रेडिट की कुल राशि से मिलान किया जाता था लेकिन अब हर बिल का मिलान करना होगा। सीए कृष्ण गर्ग ने कहा कि किसी प्रकार की मांग के लिए कर की चोरी करने पर 74 एवं अन्य दशाओं में धारा 73 के तहत कार्यवाही की जाती थी।

**समय सीमा भी अलग थी**
इन दोनों धाराओं में कार्यवाही के लिए समय सीमा भी अलग थी। अब एक नवंबर से लागू नोटिफिकेशन के बाद अब दोनों ही दशाओं को मिलाकर एक नई धारा 74-ए लागू की गई है जिसके अनुसार संबंधित वर्ष की वार्षिक विवरणी फाइल करने की अंतिम तिथि से 42 माह के समय में ही नोटिस जारी किया जा सकेगा।

**पालन नहीं करने पर लगेगी पेनल्टी**
इसका असर कुछ यूं है कि धारा 73 के अंतर्गत समय सीमा 33 माह से बढ़कर 42 एवं धारा 74 के अंतर्गत 54 माह से घटकर 42 माह हो गई है। सीए सुनील पी. जैन ने कहा कि रिवर्स चार्ज के अंतर्गत सरकार द्वारा अब सेवाओं या माल की प्राप्ति के 30 दिन के अंदर सेल्फ इनवायस बनाना अनिवार्य कर दिया है। इसका पालन नहीं करने पर विभाग पेनल्टी लगा सकता है। परिचर्चा में सीए सुनील खंडेलवाल, गोविंद गोयल, एसएन गोयल, दीपक माहेश्वरी, पलकेश असावा उपस्थित थे।

### मप्र के सभी सरकारी अस्पतालों में लगेगा पिंक अलार्म

# पैनिक बटन दबाते ही बजेगा सायरन, कर्मचारी होंगे सतर्क




**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल । मध्य प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में किसी महिला से बदसलूकी या छेड़छाड़ की घटना पर तत्काल मदद पहुंचाने की कवायद शुरू हुई है। इसके लिए सरकारी अस्पतालों में पैनिक बटन लगाए जाएंगे। यह पैनिक बटन निकटतम पुलिस थाने से कनेक्ट होंगे। आपात स्थिति में बटन दबाने पर पुलिस का अमला थोड़ी ही देर में अस्पताल पहुंच जाएगा। इन पैनिक बटन को पिंक अलार्म नाम दिया गया है।

पैनिक बटन दबाते ही अस्पताल का सिक्योरिटी सिस्टम अलर्ट होता है, जिससे सुरक्षाकर्मी तुरंत ही उस जगह पहुंच जाते हैं। अब ड्यूटी रूम में डेढ़ सौ पैनिक बटन लगाने की तैयारी है। इसके अलावा यह पैनिक बटन शौचालय में भी लगेंगे। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में इंटर्न डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद प्रदेश के अस्पतालों में भी महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी थी। इसके लिए सभी अस्पतालों में सुरक्षा की समीक्षा की गई थी। कुछ संवेदनशील स्थानों पर कुछ दिनों के लिए सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ाई गई, लेकिन इसे एक सिस्टम का रूप नहीं दिया जा सका, लेकिन अब पैनिक बटन के तौर पर एक अलार्म सिस्टम लगाने की कवायद शुरू हुई है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, इस पिंक अलार्म को अस्पताल में ओपीडी, ड्यूटी रूम, पार्किंग, कॉरिडोर जैसी कई जगहों पर लगाया जाएगा।

**जेपी अस्पताल में जगह चिह्नित, 12 से 13 स्थानों पर लगेंगे पिंक अलार्म**

भोपाल के जेपी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि यहां पैनिक बटन लगने से महिलाओं के साथ अन्य मरीजों की सुरक्षा भी हो सकेगी। अस्पताल में कई प्रकार के व्यक्ति आते हैं, इससे एक डर तो बना रहता है। जगह पहले से चिह्नित कर ली है। यहां करीब 12 से 13 स्थानों पर पिंक अलार्म यानी पैनिक बटन लगाए जाएंगे।

**एम्स भोपाल पहले ही लगा चुका है**

एम्स भोपाल में रेजिडेंट डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर हड़ताल हुई थी। उसके बाद परिसर में कई स्थानों पर पैनिक बटन लगा दिए गए। एम्स में महिलाओं की सुरक्षा के लिए पैनिक बटन और सेंट्रलाइज्ड सिस्टम है।

### इस साल के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा काम, एक क्लिक पर मिलेगी जानकारी

# डिजिटल होगा कर्मचारियों का सेवा रिकॉर्ड

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। मध्य प्रदेश सरकार का सामान्य प्रशासन विभाग राज्य के सात लाख से अधिक सरकारी कर्मचारियों के सेवा रिकॉर्ड को पूरी तरह से डिजिटल करने जा रहा है। यह पूरा काम इस साल के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। इसका उद्देश्य कर्मचारियों की सेवा संबंधी जानकारी को एक जगह सुरक्षित और सुलभ बनाना है, जिससे पेंशन, प्रमोशन, वेतन और ट्रांसफर से जुड़ी सारी जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध हो सकेगी। इस नई व्यवस्था के तहत कर्मचारियों को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे और प्रशासनिक अधिकारियों को भी बेहतर मॉनीटरिंग करने में आसानी होगी। यह पोर्टल कर्मचारियों के सेवा में आने के समय से उनके आधार कार्ड से लेकर उनके पहले वेतन पाने के बाद उनकी नियुक्ति, प्रमोशन तक की जानकारी सब कुछ एक क्लिक पर उपलब्ध कराएगा। यह सिस्टम प्रत्येक कर्मचारी के खिलाफ लगे चार्जेस, प्रमोशन की स्थिति, पेंशन से जुड़ी आवश्यक जानकारी और उनके ट्रांसफर रिकॉर्ड्स भी तुरंत बता देगा। इस सुविधा से कर्मचारियों को पेंशन प्रक्रिया में किसी दफ्तर के चक्कर नहीं काटने होंगे। पेंशन से जुड़े सभी दस्तावेज और जानकारी अपडेटेड फॉर्मेट में उपलब्ध होगी। कर्मचारी अपने वेतन, भत्ते, एरियर सही मिल रहे है या नहीं सब कुछ जान सकेंगे। उनके प्रमोशन और अन्य सुविधाओं का रिकॉर्ड की भी जानकारी पोर्टल पर रहेगी।



**विभाग को निर्णय लेने में होगी आसानी**

सामान्य प्रशासन विभाग के ह्यमून रिसोर्स पोर्टल के जरिए कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ लगे चार्जेस और उनके खिलाफ हुई कार्रवाई की भी जानकारी उपलब्ध होगी। इससे विभाग उनको नियुक्ति को लेकर निर्णय ले सकेगा कि उनको कहा तैनात करना है या कहां नहीं। साथ ही उनके वेतन, प्रमोशन से लेकर विभागीय जांच की स्थिति की मॉनीटरिंग करने में आसानी होगी।

**एक माह में रिकॉर्ड पोर्टल पर आ जाएगा**

सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने बताया कि एक महीने में पूरा रिकॉर्ड पोर्टल पर आ जाएगा। इसमें हर कर्मचारी की नियुक्ति से लेकर उनके सेवानिवृत्त होने तक की पूरी जानकारी अपलोड होगी। इससे कर्मचारियों के साथ ही विभाग को भी जानकारी देखने और कोई निर्णय लेने में आसानी होगी।

**यह कदम स्वागत योग्य**

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने कहा कि सरकार द्वारा जो ई ऑफिस बनाने की प्रक्रिया लंबे समय से चल रही है। पूरी तरह से कंप्यूटराइड नहीं हो पाए। अब यदि होता है तो हम उसका स्वागत करते हैं, लेकिन इसके लिए ठोस तरीके से काम करने और इच्छाशक्ति की जरूरत है।

### जोधपुर से आई पुलिस टीम ने दुकान से किया गिरफ्तार, महाराष्ट्र उत्तरप्रदेश और गुजरात में भी काट चुका था फरारी

# जलेबियां बनाते पकड़ाया राजस्थान का तस्कर

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। राजस्थान का एक ड्रग तस्कर भोपाल में हलवाई बनकर फरारी काट रहा था। जोधपुर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जब ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया, तब वह दुकान पर जलेबी बना रहा था। वह पिछले एक महीने से भोपाल में था और हलवाई का काम कर रहा था।

पुलिस के अनुसार आरोपी कालूराम उर्फ केडी जोधपुर के सालवा कला के केरली नाडी का रहने वाला है। उसके खिलाफ 2019 में चित्तौड़गढ़ के निम्बाहेड़ा सदर थाने में मादक पदार्थ की तस्करी, अवैध हथियार, शासकीय कार्य में बाधा डालने और जानलेवा हमले जैसे मामले दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक वह महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश और गुजरात में भी फरारी काट चुका था। इस बीच पुलिस को पता चला कि वह भोपाल में एक



मिठाई की दुकान पर काम कर रहा है। कालूराम भोपाल में करीब महीने भर से सक्रिय था। वह कई बार क्षेत्र के हलवाइयों की दुकान पर आता-जाता रहता था।

विगत सोमवार की शाम लगभग चार बजे वह सोनागिरि मार्ग पर स्थित हरियाणा जलेबी की दुकान पर काम कर रहा था। तब ही जोधपुर से आई पुलिस टीम ने उसे धर दबोचा। वह तीन साल से फरार था और उस पर ड्रग तस्करी के अलावा अन्य आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। आरोपी कालूराम को पहले भी जोधपुर पुलिस ने अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया था।

# बाइक पर टंगा रुपए-जेवर से भरा पर्स ले भागे बदमाश

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। शहर की अरेरा कालोनी ई-चार में बाइक सवार बदमाश एक व्यापारी की बाइक पर टंगा लेडीज पर्स छीनकर भाग गए। पर्स में नकदी के साथ कुछ जेवरात भी रखे थे। व्यापारी अपने परिवार के साथ भाई से मिलने उनके घर आया था, तभी उसके साथ लूट की यह घटना हो गई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। हबीबगंज पुलिस के अनुसार पीयूष खंडेलवाल (40 वर्ष) ने शिकायत दर्ज कराई है। उसमें उन्होंने बताया कि वह कोटरा सुल्तानाबाद में रहते हैं। उनकी न्यू मार्केट में किराने की दुकान है। वह मंगलवार शाम को अपनी पत्नी व बच्चों के साथ ई-4 अरेरा कॉलोनी में



स्थित बड़े भाई के घर पर आए थे।

वहां पहुंचकर वह बच्चों को बाइक से नीचे उतार रहे थे, तभी बाइक पर टंगा उनकी पत्नी का पर्स लेकर बदमाश फरार हो गए।

बैग में सोने के जेवरात और नकदी रखी हुई थी। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए बाइक सवार बदमाशों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# महिला शिक्षक के हाथ से छीना मोबाइल




**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। रोशनपुरा चौराहे पर बस का इंतजार कर रही एक महिला शिक्षक के हाथ से बाइक सवार तीन बदमाश मोबाइल झपटकर भाग गए। शिक्षिका दोपहर करीब साढ़े तीन बजे बेतवा अपार्टमेंट के पास बस स्टॉप पर खड़ी थी और घर जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थी। तभी रंगमहल टॉकीज की ओर से आ रहे तीन बाइक सवार बदमाशों ने उसका मोबाइल झपटा और भाग गए। टीटी नगर थाना पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की सहायता से बदमाशों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार 30 वर्षीय पूजा खरे अतिथि शिक्षिका है। वह स्कूल के बाद अपने घर जा रही थीं, इस दौरान बाइक सवार बदमाश उनका मोबाइल झपटकर बाणगंगा की ओर भाग गए।

# मध्य प्रदेश में बंदियों की दामाद सी खातिरदारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की जेलों में बंदियों को अब दूध, दही, छाछ और सलाद भी मिल सकेगा। एक जनवरी 2025 से प्रभावी होने जा रहे %मध्य प्रदेश सुधारात्मक सेवाएं एवं बंदीगृह अधिनियम में इसका प्रविधान किया जा रहा है। वित्त विभाग इस प्रस्ताव का परीक्षण कर रहा है। शासन से अनुमति मिलने के बाद अधिनियम प्रभावी होने के साथ ही खान-पान की व्यवस्थाएं और बेहतर हो जाएंगी। जेल में बंदी टीबी के मरीजों को पहले की तरह अंडा भी दिया जाएगा। इसके साथ ही राष्ट्रीय त्योहार और सप्ताहांत में मिष्ठान्न देने की व्यवस्था भी जारी रहेगी। अंग्रेजों के जमाने में बंदियों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता था, यह किसी से छिपा नहीं है। उन्हीं के जमाने का (वर्ष 1894) कानून भी अभी तक चलन में है। अब केंद्र और राज्य सरकार मिलकर जेलों में सुधारात्मक सेवाएं बढ़ाने के प्रयास में हैं।

# ताऊ-ताई की प्रताड़ना से तंग आकर छात्रा ने लगाई थी फांसी, प्रकरण दर्ज



**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। शहर के चूनाभट्टी इलाके में स्थित दुर्गानगर में 19 वर्षीय छात्रा द्वारा खुदकुशी करने के मामले में पुलिस ने नौ महीने की जांच के बाद युवती के ताऊ और ताई को आरोपी बनाया है। दोनों आरोपी पलक को घर के काम न करने पर प्रताड़ित करते थे। साथ ही उसे तरह-तरह के ताने देते थे, जिससे तंग आकर उसने इसी वर्ष फरवरी माह में खुदकुशी कर ली थी। फिलहाल आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

चूनाभट्टी थाना पुलिस के अनुसार 19 वर्षीय पलक सोंधिया अपने ताऊ-ताई के साथ रहती थी। ताऊ आनंद सोंधिया चार इमली में काम करता है, जबकि उसकी ताई ममता सोंधिया बंगलों में खाना बनाने का काम करती है। उनके भी दो बच्चें हैं, जिसमें बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है।

**घर का सारा काम करवाते थे ताऊ-ताई**

दोनों पति-पत्नी सुबह से काम पर जाते थे और घर का पूरा काम करने का दबाव पलक पर डालते थे। पलक स्कूल जाती थी और घर पर होमवर्क करती थी। ऐसे में कई बार वह जब घर के काम नहीं कर पाती थी, तो दोनों उसे मारते थे। यह प्रताड़ना वे युवती को बीते दो सालों से दे रहे थे, जिससे परेशान होकर उसने खुदकुशी की थी।

**5 साल की उम्र में छोड़कर चले गए थे माता-पिता**

एएसआई सुनील गुर्जर ने बताया कि पलक की मां गीता सोंधिया करीब 14 साल पहले दूसरी शादी करके उत्तर प्रदेश भाग गई थी।

जबकि पिता उमेश सोंधिया ने भी कुछ दिनों बाद जबलपुर की एक महिला से शादी कर ली थी। उसका एक भाई भी था, जिसकी 2012 में एक हादसे में मौत हो गई थी।

इसके बाद से ही पलक अपने ताऊ-ताई के पास रहती थी। पुलिस जांच में छात्रा की सहेलियों और पड़ोसियों ने बताया कि पहले दोनों पलक को अच्छे से रखते थे। लेकिन बीते दो सालों से उनका व्यवहार बदल गया था। वे उस पर काम का बेहद दबाव बनाते थे। इससे वह काफी परेशान रहा करती थी।

सम्पादकीय

# हरियाणा में लिंगानुपात असंतुलन दूर करे सरकार

**यह भी एक हकीकत है कि हरियाणा में लिंग अनुपात में आई गिरावट कहीं न कहीं सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता की ओर इशारा करती है। ऐसे कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिये जरूरी है कि बालिकाओं के जन्म को लेकर समाज में प्रगति की सोच विकसित की जाए। जिसका मकसद हो कि समाज में बालिकाओं के जन्म और अधिकारों को लेकर व्यावहारिक परिवर्तन लाया जाए। लोग बेटियों को लेकर किसी तरह की असुरक्षा महसूस न करें। मौजूदा स्थितियों को देखकत तो ऐसा लगता है कि हमारा तंत्र कन्या भ्रूण हत्या संकट खत्म करने के लक्ष्यों से अभी भी काफी दूर है। वहीं दूसरी ओर लिंग निर्धारण परीक्षणों में शामिल लोगों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकियों की संख्या में इस साल आई चिंताजनक गिरावट कानून प्रवर्तन और स्वास्थ्य एजेंसियों की कार्यशैली पर एक सवालिया निशान भी है।**

अतीत में भी हरियाणा का लिंग अनुपात असंतुलन राज्य के लिये असहज करने वाली स्थिति ही रही है। कालांतर सरकार के प्रयासों व जन जागरूकता के चलते स्थिति में कुछ सुधार आया था। लेकिन एक बार फिर परेशान करने वाली हकीकत सामने आई है। दरअसल, वर्ष 2023 की तुलना में इस साल के दस महीनों की अवधि यानी जनवरी से अक्टूबर के बीच जन्म के समय लिंग अनुपात में ग्यारह अंकों की गिरावट दर्ज की गई है। यह विडंबना ही कही जाएगी कि जिस राज्य को लगभग एक दशक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रमुख रूप से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना शुरू करने के लिये चुना, वहां जन्म के समय लिंग अनुपात में फिर गिरावट दर्ज की गई है। लंबे समय से लिंग असंतुलन से जूझ रहे इस राज्य को एक बार फिर चिंताजनक स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय में जब इस साल के सिर्फ दो महीने की बाकी हैं, स्थिति में अधिक बदलाव की उम्मीद करना बेमाने ही होगा। जैसे कि हालात हैं इतने कम समय में बड़ा बदलाव संभव नहीं है। तो इसे पिछले आठ वर्षों की सबसे बड़ी गिरावट के रूप में देखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि हरियाणा में जन्म के समय का लिंगानुपात वर्ष 2015 में 876 से बढ़ने पर आशातीत परिवर्तन की शुरूआत हुई थी। इसी साल बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत भी की गई थी। कालांतर सरकारी प्रयास और जन भागीदारी से इस दिशा में आशातीत परिणाम सामने आए। जिसके चलते वर्ष 2019 में लिंगानुपात 923 के रिकॉर्ड उच्च स्तर तक जा पहुंचा था। लेकिन हाल के वर्षों में इसमें फिर गिरावट देखी जा रही है। जो तंत्र को आत्ममंथन को बाध्य करती है कि इस गिरावट के तात्कालिक कारण क्या हो सकते हैं। यह भी एक हकीकत है कि सकारात्मक बदलाव सिर्फ सरकारी प्रयासों से ही संभव नहीं। इसके लिये समाज में व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाना नितांत जरूरी हो गया है। यह भी एक हकीकत है कि हरियाणा में लिंग अनुपात में आई गिरावट कहीं न कहीं सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता की ओर इशारा करती है। ऐसे कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिये जरूरी है कि बालिकाओं के जन्म को लेकर समाज में प्रगति की सोच विकसित की जाए। जिसका मकसद हो कि समाज में बालिकाओं के जन्म और अधिकारों को लेकर व्यावहारिक परिवर्तन लाया जाए। लोग बेटियों को लेकर किसी तरह की असुरक्षा महसूस न करें। मौजूदा स्थितियों को देखकत तो ऐसा लगता है कि हमारा तंत्र कन्या भ्रूण हत्या संकट खत्म करने के लक्ष्यों से अभी भी काफी दूर है। वहीं दूसरी ओर लिंग निर्धारण परीक्षणों में शामिल लोगों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकियों की संख्या में इस साल आई चिंताजनक गिरावट कानून प्रवर्तन और स्वास्थ्य एजेंसियों की कार्यशैली पर एक सवालिया निशान भी है। निस्संदेह, भ्रूण हत्या जैसे कृत्य करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने से किसी भी स्तर पर चूक नहीं की जानी चाहिए। एक और बड़ी चुनौती समाज में गहरी जड़ें जमा चुकी पितृसत्तात्मक मानसिकता को बदलने की भी है। इस बात में कोई दो राय नहीं हो सकती कि लिंगानुपात में विषमता उस राज्य के लिये शर्मिंदगी की ही बात है, जिसकी तमाम महिला खिलाड़ी, विशेष रूप से महिला पहलवान, महिला निशानेबाज और महिला मुक्केबाज अंतर्राष्ट्रीय स्पधाओं में धूम मचा रही हैं। ऐसे वक्त में जब हाल ही में डबल इंजन सरकार को राज्य के लोगों ने लगातार तीसरी बार सकारात्मक परिवर्तन के लिये चुना है, उसका भी दायित्व बनता है कि तंत्र की कारगुजारियां समाज में बदलाव की वाहक बनें। इन हालात में हरियाणा को हमेशा लैंगिक समता के क्षेत्र में पिछड़ने के बजाय बेटियों का जश्न मनाने में अग्रणी रहना चाहिए। तभी हम एक ऐसे समाज की स्थापना करने में

# ट्रम्प को माफी देने का अधिकार देती है चुनावी जीत

**ट्रम्प का राष्ट्रपति पद पर लौटना उन्हें उनके कानूनी मामलों के सभी परिणामों से प्रभावी रूप से सुरक्षा प्रदान करता है, चाहे वह आपराधिक मामले हों या नागरिक। विशेष काउंसल जैक स्मिथ की जांच, जॉर्जिया चुनाव हस्तक्षेप मामला और मैनहट्टन धोखाधड़ी की सजा सभी ट्रम्प प्रशासन के तहत महत्वपूर्ण बाधाओं का सामना करेंगे। इसके अतिरिक्त, ट्रम्प नागरिक दावों का भुगतान करने में देरी कर सकते हैं, यह कहते हुए कि राष्ट्रपति कर्तव्यों को कानूनी दायित्वों से पहले माना जाना चाहिए। ट्रम्प के कानूनी मामले जो कभी उनके राजनीतिक भविष्य के लिए एक बड़ा अवरोध थे, अब राष्ट्रपति पद की शक्ति और सुरक्षा के कारण स्थगित, टाले गए या पूरी तरह से समाप्त हो सकते हैं। उनका व्हाइट हाउस में वापसी एक व्यापक दायरे में कथित गलतियों की जवाबदेही को समाप्त कर सकती है और उनके कानूनी परेशानियां तब तक अनसुलझी रहेंगी, जब तक वह पद पर हैं।**




डोनाल्ड ट्रम्प न केवल पहले पूर्व राष्ट्रपति हैं जिन पर गंभीर अपराधों के आरोप लगे हैं, बल्कि अब वह पहले ऐसे दोषी व्यक्ति बन गए हैं, जिन्होंने राष्ट्रपति चुनाव भी जीत लिया है। ट्रम्प की यह विजय संभवतः उन्हें उनकी कई गलतियों के लिए गंभीर कानूनी परिणामों से बचने का मार्ग प्रशस्त करती है, जिससे उनके खिलाफ चल रहे विभिन्न आपराधिक और सिविल मामलों पर प्रभावी रूप से रोक या स्थगन लग जाएगा।

कानूनी जानकारों के अनुसार ट्रम्प की व्हाइट हाउस में वापसी उनके खिलाफ कई वर्षों की जांचों और मुकदमों को समाप्त कर देगी, जिनमें विशेष काउंसल जैक स्मिथ और जॉर्जिया जिला अटॉर्नी फानी विलिस द्वारा चलाए गए मामले भी शामिल हैं, और यह उन्हें अभियोजन से व्यापक बचाव प्रदान करेगा। चुनाव जीतते ही ट्रम्प ने शपथ ली है कि यदि स्मिथ ने पहले ही स्वयं पद नहीं छोड़ा तो वह जैसे ही पदभार संभालेंगे, विशेष काउंसल जैक स्मिथ को कुछ ही सेकंड में हटा देंगे। स्मिथ ट्रम्प की 2020 के चुनाव परिणामों को पलटने की कोशिश और मार-ए-लागो में रखे गए गुप्त दस्तावेजों के मामले की जांच कर रहे थे। ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के साथ ही वह इन मामलों को न्याय विभाग के माध्यम से समाप्त कर सकते हैं। वाशिंगटन में चल रहे स्मिथ के मामले (जो ट्रम्प की 6 जनवरी को कैपिटॉल पर हमले में भूमिका से संबंधित हैं) और फ्लोरिडा में (गुप्त दस्तावेजों से संबंधित) संभवतः अब स्थगित या पूरी तरह से खारिज हो सकते हैं।

वाशिंगटन में ट्रम्प पर 2020 के चुनाव नतीजों के हरण की कोशिश करने के आरोप हैं। लेकिन कोई भी फाइलिंग की समय सीमा, जो जज तन्या चुटकन द्वारा निर्धारित की गई है, ट्रम्प के पदभार संभालने के बाद स्थगित हो सकती है। जब तक न्याय विभाग का नेतृत्व बदल नहीं जाता तब तक फ्लोरिडा में ट्रम्प के मार-ए-लागो मामले की अपील शायद अनिश्चितकाल के लिए विलंबित हो सकती है।

फुल्टन काउंटी की जिला अटॉर्नी फानी विलिस का ट्रम्प के खिलाफ मामला, जो 2020 के चुनाव परिणामों को भ्रष्ट करने के कथित प्रयास से संबंधित है वह कानूनी चुनौतियों के कारण कारण दरकिनार कर दिया गया है। ट्रम्प की अपील, जिसमें विलिस के संभावित हितों के टकराव के कारण मामले को कई महीनों के लिए रोक दिया गया था।

अब यदि विलिस अपील में जीतती हैं और मामला फिर से शुरू होता है, तो ट्रम्प राष्ट्रपति की इम्यूनिटी का हवाला देते हुए यह तर्क देंगे कि एक राष्ट्रपति को राज्य स्तर के अभियोजक द्वारा अभियुक्त नहीं बनाया जा सकता। अगर यह मामला ट्रम्प के कार्यकाल के अंत तक खिंचता है तो फिर दस साल पुराने मामले को साबित करना कठिन होगा। ट्रम्प भुगतान को छिपाने के लिए कथित तौर पर व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के मामले में आपराधिक मुकदमे का सामना करने वाले पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति हैं। अश्लील फिल्मों की एक्टर स्टॉर्मी डेनियल्स का दावा था कि उसने और ट्रम्प ने सेक्स किया था और उसने राज न खोलने के बदले में 2016 के चुनाव से पहले अपने पूर्व वकील से 130,000 डॉलर ट्रम्प से लिए थे।

ट्रम्प को स्टॉर्मी डेनियल्स को चुप रहने के लिए पैसे देने के मामले में 34 आरोपों में दोषी ठहराया गया था। इस मामले में सजा 26 नवंबर 2024 को निर्धारित की गई है। लेकिन ट्रम्प की कानूनी टीम यह तर्क दे सकती है कि राष्ट्रपति-निर्वाचित को राज्य अदालत में पेश नहीं होना चाहिए। खासकर जब वह अपने राष्ट्रपति पद के संक्रमण काल में हों। ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद जेल की सजा बाद में टल सकती है। यदि जज जुआन मर्चन कोई गैर-जेल सजा, जैसे घर में नजरबंदी या सामुदायिक सेवा निर्धारित करते हैं, तो ट्रम्प की कानूनी टीम यह तर्क देते हुए कि राष्ट्रपति के कर्तव्य कानूनी दायित्वों से पहले आते हैं इसलिए इसे भी स्थगित करने की कोशिश करेगी। आपराधिक मामलों के अलावा ट्रम्प कई बड़े सिविल मुकदमों का भी सामना कर रहे हैं, जिनकी राशि सैकड़ों मिलियन डॉलर तक पहुंचती है। इन मामलों में धोखाधड़ी, मानहानि, यौन उत्पीड़न और कॉर्पोरेट गलत कामों के आरोप हैं। ट्रम्प राष्ट्रपति पद की शक्ति का उपयोग इन वित्तीय दायित्वों से खुद को बचाने के लिए कर सकते हैं। जहां तक आपराधिक सुरक्षा का सवाल है, वहां कोई संवैधानिक बाधा नहीं है, जिससे एक राष्ट्रपति पर नागरिक दंड नहीं लगाया जा सकता। हालांकि, ट्रम्प यह तर्क देंगे कि सिविल या दीवानी मुकदमे उनके कार्यों में हस्तक्षेप करते हैं और इसलिए इन पर निर्णय में देरी हो सकती है।

ट्रम्प पर मुख्य दीवानी मामलों में एक है धोखाधड़ी मामला। न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल लेटिशा जेम्स ने ट्रम्प के खिलाफ निर्णय लिया, जिसमें उन्होंने ट्रम्प के नेट वर्थ और रियल एस्टेट मूल्य को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया, ताकि वह बैंकों और बीमा कंपनियों से अनुकूल ऋण प्राप्त कर सकें। मैनहट्टन के एक जज ने उन पर 450 मिलियन डॉलर का जुर्माना लगाया है जिसका ट्रम्प विरोध कर रहे हैं। इसी तरह ई. जीन कैरोल के मामले को देखें तो ट्रम्प पर दो नागरिक मुकदमे दायर किए गए थे, जिनमें लेखक ई. जीन कैरोल ने आरोप लगाया था कि ट्रम्प ने 1990 के दशक में उनका यौन उत्पीड़न किया और फिर बाद में सार्वजनिक रूप से उनके खिलाफ मानहानि की। ट्रम्प ने इन दोनों फैसलों के खिलाफ अपील कर रखी है। ट्रम्प की यह चुनावी विजय उन्हें माफी देने का अधिकार देती है, जिसमें चुनावी धोखाधड़ी और गुप्त दस्तावेजों से संबंधित मामलों में सह-षड्यंत्रकारियों को माफ करने का विकल्प भी शामिल हो सकता है। जबकि ट्रम्प खुद के लिए माफी की मांग कर सकते हैं। वह जब तक पद पर होंगे तब तक उनकी कानूनी टीम किसी भी भविष्य की कार्यवाही को बाद में स्थगित या कमजोर करने की कोशिश कर सकती है। इसके अतिरिक्त कोई भी नागरिक दंड या जुर्माना भी स्थगित किया जा सकता है, जिससे ट्रम्प वर्षों तक भुगतान करने को टाल सकते हैं।

ट्रम्प का राष्ट्रपति पद पर लौटना उन्हें उनके कानूनी मामलों के सभी परिणामों से प्रभावी रूप से सुरक्षा प्रदान करता है, चाहे वह आपराधिक मामले हों या नागरिक। विशेष काउंसल जैक स्मिथ की जांच, जॉर्जिया चुनाव हस्तक्षेप मामला और मैनहट्टन धोखाधड़ी की सजा सभी ट्रम्प प्रशासन के तहत महत्वपूर्ण बाधाओं का सामना करेंगे। इसके अतिरिक्त, ट्रम्प नागरिक दावों का भुगतान करने में देरी कर सकते हैं, यह कहते हुए कि राष्ट्रपति कर्तव्यों को कानूनी दायित्वों से पहले माना जाना चाहिए। ट्रम्प के कानूनी मामले जो कभी उनके राजनीतिक भविष्य के लिए एक बड़ा अवरोध थे, अब राष्ट्रपति पद की शक्ति और सुरक्षा के कारण स्थगित, टाले गए या पूरी तरह से समाप्त हो सकते हैं। उनका व्हाइट हाउस में वापसी एक व्यापक दायरे में कथित गलतियों की जवाबदेही को समाप्त कर सकती है और उनके कानूनी परेशानियां तब तक अनसुलझी रहेंगी, जब तक वह पद पर हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# भारत के रतन का जाना...

रतन टाटा जी, भारतीय उद्यमशीलता की बेहतरीन परंपराओं के प्रतीक थे। वो विश्वसनीयता, उत्कृष्टता औ? बेहतरीन सेवा जैसे मूल्यों के अडिग प्रतिनिधि थे। उनके नेतृत्व में, टाटा समूह दुनिया भर में सम्मान, ईमानदारी और विश्वसनीयता का प्रतीक बनकर नई ऊंचाइयों पर पहुंचा।

आज श्री रतन टाटा जी के निधन को एक महीना हो रहा है। पिछले महीने आज के ही दिन जब मुझे उनके गुजरने की खबर मिली, तो मैं उस समय आसियान समिट के लिए निकलने की तैयारी में था। रतन टाटा जी के हमसे दूर चले जाने की वेदना अब भी मन में है। इस पीड़ा को भुला पाना आसान नहीं है। रतन टाटा जी के तौर पर भारत ने अपने एक महान सपूत को खो दिया है...एक अमूल्य रत्न को खो दिया है।

आज भी शहरों, कस्बों से लेकर गांवों तक, लोग उनकी कमी को गहराई से महसूस कर रहे हैं। हम सबका ये दुख साझा है। चाहे कोई उद्योगपति हो, उभरता हुआ उद्यमी हो या कोई प्रोफेशनल हो, हर किसी को उनके निधन से दुख हुआ है। पर्यावरण रक्षा से जुड़े लोग...समाज सेवा से जुड़े लोग भी उनके निधन से उतने ही दुखी हैं। और ये दुख हम सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में महसूस कर रहे हैं।

युवाओं के लिए, श्री रतन टाटा एक प्रेरणास्त्रोत थे। उनका जीवन, उनका व्यक्तित्व हमें याद दिलाता है कि कोई सपना ऐसा नहीं जिसे पूरा ना किया जा सके, कोई लक्ष्य ऐसा नहीं जिसे प्राप्त नहीं किया जा सके। रतन टाटा जी ने सबको सिखाया है कि विनम्र स्वभाव के साथ, दूसरों की मदद करते हुए भी सफलता पाई जा सकती है।

रतन टाटा जी, भारतीय उद्यमशीलता की बेहतरीन परंपराओं के प्रतीक थे। वो विश्वसनीयता, उत्कृष्टता औ? बेहतरीन सेवा जैसे मूल्यों के अडिग प्रतिनिधि थे। उनके नेतृत्व में, टाटा समूह दुनिया भर में सम्मान, ईमानदारी और विश्वसनीयता का प्रतीक बनकर नई ऊंचाइयों पर पहुंचा। इसके बावजूद, उन्होंने अपनी उपलब्धियों को पूरी विनम्रता और सहजता के साथ स्वीकार किया।दूसरों के सपनों का खुलकर समर्थन करना, दूसरों के सपने पूरा करने में सहयोग करना, ये श्री रतन टाटा के सबसे शानदार गुणों में से एक था। हाल के वर्षों में, वो भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम का मार्गदर्शन करने और भविष्य की संभावनाओं से भरे उद्यमों में निवेश करने के लिए जाने गए। उन्होंने युवा आंत्रप्रेन्योर की आशाओं और आकांक्षाओं को समझा, साथ ही भारत के भविष्य को आकार देने की उनकी क्षमता को पहचाना।

भारत के युवाओं के प्रयासों का समर्थन करके, उन्होंने नए सपने देखने वाली नई पीढ़ी को जोखिम लेने और सीमाओं से परे जाने का हौसला दिया। उनके इस कदम ने भारत में इनोवेशन और आंत्रप्रेन्योरशिप की संस्कृति विकसित करने में बड़ी मदद की है। आने वाले दशकों में हम भारत पर इसका सकारात्मक प्रभाव जरूर देखेंगे। रतन टाटा जी ने हमेशा बेहतरीन क्वालिटी के प्रॉडक्ट...बेहतरीन क्वालिटी की सर्विस पर जोर दिया और भारतीय उद्यमों को ग्लोबल बेंचमार्क स्थापित करने का रास्ता दिखाया। आज जब भारत 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, तो हम ग्लोबल बेंचमार्क स्थापित करते हुए ही दुनिया में अपना परचम लहरा सकते हैं। मुझे आशा है कि उनका ये विजन हमारे देश की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेगा और भारत वर्ल्ड क्लास क्वालिटी के लिए अपनी पहचान मजबूत करेगा।

रतन टाटा जी की महानता बोर्डरूम या सहयोगियों की मदद करने तक ही सीमित नहीं थी। सभी जीव-जंतुओं के प्रति उनके मन में करुणा थी। जानवरों के प्रति उनका गहरा प्रेम जगजाहिर था और वे पशुओं के कल्याण पर केन्द्रित हर प्रयास को बढ़ावा देते थे। वो अक्सर अपने डॉग्स की तस्वीरें साझा करते थे, जो उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा थे। मुझे याद है, जब रतन टाटा जी को लोग आखिरी विदाई देने के लिए उमड़ रहे थे...तो उनका डॉग गोवा भी वहां नम आंखों के साथ पहुंचा था।

रतन टाटा जी का जीवन इस बात की याद दिलाता है कि लीडरशिप का आकलन केवल उपलब्धियों से ही नहीं किया जाता है, बल्कि सबसे कमजोर लोगों की देखभाल करने की उसकी क्षमता से भी किया जाता है।

रतन टाटा जी ने हमेशा, नेशन फर्स्ट की भावना को सर्वोपरि रखा। 26/11 के आतंकवादी हमलों के बाद उनके द्वारा मुंबई के प्रतिष्ठित ताज होटल को पूरी तत्परता के साथ फिर से खोलना, इस राष्ट्र के एकजुट होकर उठ खड़े होने का प्रतीक था। उनके इस कदम ने बड़ा संदेश दिया कि झ भारत रुकेगा नहीं...भारत निडर है और आतंकवाद के सामने झुकने से इनकार करता है।

व्यक्तिगत तौर पर, मुझे पिछले कुछ दशकों में उन्हें बेहद करीब से जानने का सौभाग्य मिला। हमने गुजरात में साथ मिलकर काम किया। वहां उनकी कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर निवेश किया गया। इनमें कई ऐसी परियोजनाएं भी शामिल थीं, जिसे लेकर वे बेहद भावुक थे।

जब मैं केन्द्र सरकार में आया, तो हमारी घनिष्ठ बातचीत जारी रही और वो हमारे राष्ट्र-निर्माण के प्रयासों में एक प्रतिबद्ध भागीदार बने रहे। स्वच्छ भारत मिशन के प्रति श्री रतन टाटा का उत्साह विशेष रूप से मेरे दिल को छू गया था। वह इस जन आंदोलन के मुखर समर्थक थे। वह इस बात को समझते थे कि स्वच्छता और स्वस्थ आदतें भारत की प्रगति की दृष्टि से कितनी महत्वपूर्ण हैं। अक्टूबर की शुरूआत में स्वच्छ भारत मिशन की दसवीं वर्षगांठ के लिए उनका वीडियो संदेश मुझे अभी भी याद है। यह वीडियो संदेश एक तरह से उनकी अंतिम सार्वजनिक उपस्थितियों में से एक रहा है।

कैंसर के खिलाफ लड़ाई एक और ऐसा लक्ष्य था, जो उनके दिल के करीब था। मुझे दो साल पहले असम का वो कार्यक्रम याद आता है, जहां हमने संयुक्त रूप से राज्य में विभिन्न कैंसर अस्पतालों का उद्घाटन किया था। उस अवसर पर अपने संबोधन में, उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि वो अपने जीवन के आखिरी वर्षों को हेल्थ सेक्टर को समर्पित करना चाहते हैं। स्वास्थ्य सेवा एवं कैंसर संबंधी देखभाल को सुलभ और किफायती बनाने के उनके प्रयास इस बात के प्रमाण हैं कि वो बीमारियों से जूझ रहे लोगों के प्रति कितनी गहरी संवेदना रखते थे।

मैं रतन टाटा जी को एक विद्वान व्यक्ति के रूप में भी याद करता हूं - वह अक्सर मुझे विभिन्न मुद्दों पर लिखा करते थे, चाहे वह शासन से जुड़े मामले हों, किसी काम की सराहना करना हो या फिर चुनाव में जीत के बाद बधाई सन्देश भेजना हो।

अभी कुछ सप्ताह पहले, मैं स्पेन सरकार के राष्ट्रपति श्री पेड्रो सान्चेज के साथ वडोदरा में था और हमने संयुक्त रूप से एक विमान फैक्ट्री का उद्घाटन किया। इस फैक्ट्री में सी-295 विमान भारत में बनाए जाएंगे। श्री रतन टाटा ने ही इस पर काम शुरू किया था। उस समय मुझे श्री रतन टाटा की बहुत कमी महसूस हुई। आज जब हम उन्हें याद कर रहे हैं, तो हमें उस समाज को भी याद रखना है जिसकी उन्होंने कल्पना की थी। जहां व्यापार, अच्छे

# दिल्ली पुलिस कांस्टेबल के बेटे से हारी दक्षिण अफ्रीकी टीम

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसके घर में पहले टी-20 मुकाबले में शतक लगाकर विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। टीम इंडिया ने डरबन में 202 रन बनाए, जिसमें आधे से अधिक 107 रन अकेले संजू सैमसंग के नाम रहे। संजू सैमसन ने 50 गेंदों पर यह स्कोर बनाया, जबकि बाकी टीम दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के आगे लड़खड़ाती दिखी। संजू सैमसन ने अपनी शतकीय पारी में 7 छक्के और 10 चौक लगाए। भारत यह मैच 61 रनों से जीता।

30 वर्षीय संजू सैमसन मूलतः केरल के तिरुवनन्तपुरम जिले के निवासी हैं। उनके पिता दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल हुआ करते थे। पिता स्पोर्ट्समैन भी थे और उन्होंने फुटबॉल की संतोष ट्रॉफी में दिल्ली का प्रतिनिधित्व किया था। पिता का सपना था कि वो बेटे संजू को क्रिकेटर बनाएं।

संजू सैमसन के शुरूआती कोच यशपाल थे। संजू सैमसन ने क्रिकेट खेलना शुरू करते ही अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाना शुरू कर दिया था। ध्रुव पांडव ट्रॉफी में उन्होंने अंडर-13 की टीम में दिल्ली का भी प्रतिनिधित्व किया। बेटा अच्छा क्रिकेटर बन सके, इसके लिए पिता ने दिल्ली पुलिस से वॉलंटरी रिटायरमेंट तक ले लिया था। वो संजू सैमसन को लेकर केरल लौट आए, जहां संजू ने मास्टर्स क्रिकेट क्लब, तिरुवनन्तपुरम में खेलना शुरू किया। ऐसा नहीं है कि संजू केवल क्रिकेट पर ध्यान दे रहे थे, वो पढ़ाई में भी अच्छे थे। उन्होंने इंग्लिश लिटरेचर में बीए की डिग्री हासिल की। बचपन में एक समय संजू का सपना आईपीएस अफसर बनने का था। संजू सैमसन ने वर्ष 2007 में अंडर-13 क्रिकेट में केरल टीम की कप्तानी की। संजू ने टीम को केएससीए इंटर स्टेट टूनार्मेंट में विजय दिलाई। इस टूनार्मेंट में उन्होंने 973 रन बनाए थे, जिसमें 5 मैचों में चार शतक शामिल थे।

संजू सैमसंग केरल की अंडर-16 टीम का भी हिस्सा रहे। उन्होंने गोवा के खिलाफ विजय मर्चेंट ट्रॉफी में 138 गेंदों पर डबल सेंचुरी लगाई थी। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए संजू को थोड़ा लंबा इंतजार करना पड़ा। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ जुलाई 2015 में अपना पहला टी-20 मुकाबला खेला। छह साल के बाद उन्हें वनडे टीम में शामिल किया गया और जुलाई 2021 में श्रीलंका के खिलाफ संजू ने अंतरराष्ट्रीय वनडे में पदार्पण किया। हालांकि, टेस्ट में अब तक उन्हें टीम में खेलने का मौका नहीं मिला है। संजू के 16 वनडे मैचों में 510 रन हैं, जिसमें एक शतक शामिल है। 34 टी-20 मैचों में उन्होंने 701 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक शामिल हैं। संजू आईपीएल की राजस्थान रॉयल्स टीम के कप्तान भी हैं। आईपीएल में 168 मैचों में संजू ने 4419 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और 25 अर्द्धशतक हैं। संजू एक प्रतिभाशाली क्रिकेटर हैं। इन दिनों टी-20 क्रिकेट में भारत की जीत का आधार बने हुए हैं। वैसे, संजू टेस्ट क्रिकेट खेल पाएंगे, इसकी उम्मीद अब कम नजर आती है, लेकिन बीसीसीआई को चाहिए, इस प्रतिभावान क्रिकेटर को वनडे में मौका देता रहे।

# दिल्ली-देहरादून नेशनल हाइवे का परीक्षण कामयाब रहा

## 12 किलोमीटर लंबे गलियारे का परीक्षण भी सफल

गौरव सिंघल । सिटी चीफ

सहारनपुर, दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर से देहरादून तक 13 हजार करोड़ की लागत से बनाए जा रहे छह लेन के हाइवे का निर्माण अंतिम चरण में है। इसी हाइवे में सहारनपुर के गणेशपुर से देहरादून के आशा रोड़ी तक 12 किलोमीटर लंबा गलियारा एलीवेटेड रोड़ बनाई गई है। यह गलियारा 576 पिलरो पर टिका है और शिवालिक के जंगल एवं राजा जी पार्क से गुजर रहे इस वन्य क्षेत्र में वन्य जीव बिना किसी बाधा के विचरण कर सकेंगे और उसके ऊपर से तेज गति से वाहनों की आवाजाही रहेगी। एलीवेटेड रोड से यात्रा के दौरान वाहनों में बैठे यात्री वन्य जीवों का आसानी से दीदार कर सकेंगे। अभी इस दूरी को तय करने में 40 से 45 मिनट का समय लगता है लेकिन इस गलियारे पर वाहनों का सफर केवल 15 मिनट में पूरा हो जाएगा। गलियारे पर दौड़ने वाले वाहनों की लाइट और शोर से वन्य जीवों को बचाने के लिए लाइट और साउंड बैरियर भी लगाए गए हैं। उस पर मोबाइल टावर भी लगाए जाएंगे। इससे इस पूरे इलाकें में मोबाइल नेटवर्क की सुविधा भी यात्रियों को मिल सकेगी। अभी मोहंड क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध नहीं होने से यात्रियों से बातचीत से वंचित रहना पड़ता है। अधिकारियों ने बताया कि हाइवे पर बनाए गए गलियारे के ऊपर एक सप्ताह तक हजारों वाहनों को चलाकर इसकी क्षमता का निरीक्षण किया गया जिसमें वह कामयाब रहा। जल्द ही अंतिम फीनिशिंग के बाद इस गलियारे को दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में चालू कर दिया जाएगा।



# रोहित चौधरी को मंडल मंत्री बनाए जाने पर व्यापारियों ने जताया हर्ष

गौरव सिंघल । सिटी चीफ

सहारनपुर (नागल), उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री विवेक गुप्ता ने सीडकी चौराहा स्थित मैसर्स सीडकी सर्विस स्टेशन के प्रोपराइटर रोहित चौधरी को संगठन के प्रति उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यो को देखते हुए उन्हें मंडल मंत्री सहारनपुर की जिम्मेदारी सौंपी है। रोहित चौधरी ने संगठन का आभार जताते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी संगठन द्वारा उन्हें सौंपी गई है वह हर संभव संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ व्यापारी हित की लड़ाई भी लड़ेंगे। उधर रोहित चौधरी के मंडल मंत्री बनाए जाने पर व्यापारी कपिल डावर, दीपक गुप्ता, विपिन हांडा, संजीव विश्वकर्मा, जयपाल वालिया, अरुण राणा, हेमंत अरोड़ा, दीपक राणा, सत्येंद्र वैदिक, प्रवीण राणा, कपिल तायल, पपिन चौधरी आदि ने हर्ष जताते हुए उन्हें बधाई दी।



# कोतवाली थाने मे हुए घटनाक्रम को लेकर कांग्रेस पार्टी ने कलेक्टर एवं स्ककों सौंपा ज्ञापन की उचित न्याय की मांग

सुनील यादव । सिटी चीफ

कटनी, गत दिवस कोतवाली कटनी मे हुए घटना क्रम को लेकर जहाँ एक और कड़ी निंदा की जा रही वही उचित और न्याय संगत कार्यवाही की मांग की जा रही है. इसी क्रम मे कांग्रेस पार्टी के नेता और पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर एवं स्ककों एक ज्ञापन पत्र सौंप पुलिस आफिसर एंव पुलिस वालो के साथ गाली गलौज कर धमकी एवं सरकारी कार्य करने में बाधा उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वो के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की है। सौपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि दिनांक 06.11.2024 को रात्रि में गर्ग चौराहा पर कुछ भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा आम जन को परेशान किया जा रहा था जिन्हे पुलिस द्वारा थाना लाया गया. भाजपा युवा मोर्चा के 10-12 पदाधिकारियों द्वारा पुलिस से झूमा झपटी गाली गलौज एवं सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की गई। जिस पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार का कोई गंभीर अपराध की कायमी कोतवाली पुलिस द्वारा नहीं किया गया। प्रशासन से कटनी कांग्रेस पार्टी एवं आम जनमानस ने मांग है कि ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही किया जाये।



## लाड़ली बहना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री ने किया राशि का अंतरण

# इन्दौर में आयोजित मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को देखने एवं सुनने जिले में की गई थी व्यवस्था

सुशिल सोनी । सिटी चीफ

अनूपपुर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इन्दौर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम से लाडली बहना योजना तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों तथा गैर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना श्रेणी की लाडली बहना हितग्राहियों को अनुदान राशि का हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया। इस कार्यक्रम को कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष सहित जिले के जनपद व नगरीय एवं ग्रामीण निकायों में देखने एवं सुनने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगणों के साथ ही बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे। जिला स्तर पर एनआईसी कक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह, विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष श्री रामदास पुरी, संयुक्त कलेक्टर श्री दिलीप कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री के.के. सोनी, जिला आपूर्ति अधिकारी श्री बी.एस. परिहार, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग श्री विनोद परस्ते, सहायक संचालक श्रीमती मंजूषा शर्मा सहित लाडली बहनें एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राही उपस्थित थे। मुख्यमंत्री जी ने सिंगल क्लिक के माध्यम से अनूपपुर जिले के 01 लाख 29 हजार 105 लाड़ली बहनों के खातों में 15 करोड़ 88 लाख 61 हजार 250 रुपये तथा गैस सिलेण्डर रिफिल अनुदान योजना के लिए जिले के 28 हजार 146 लाड़ली बहनों के खातों में 30 लाख 26 हजार 234 रुपये एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत जिले के 52 हजार 508 हितग्राहियों के खातों में 3 करोड़ 15 लाख 4 हजार 800 रुपये की राशि अंतरित कर हितलाभ प्रदान किया। मध्यप्रदेश शासन द्वारा समाज के निर्धन, निराश्रित यथा वृद्ध जनों, कल्याणी, परित्यक्ता, अविवाहिता एवं दिव्यांगजनों के लिए सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के माध्यम से संचालित पेंशन योजनाओं में प्रति हितग्राही 600 रुपये की आर्थिक सहायता का हितलाभ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश के लगभग 55 लाख से अधिक हितग्राहियों को माह अक्टूबर पेड इन नवम्बर 2024 की राशि रुपये 333.32 करोड़ का वितरण सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया। इसी तरह महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित लाडली बहना योजना के प्रदेश के एक करोड़ 29 लाख लाडली बहनों को माह अक्टूबर पेड इन नवम्बर 2024 की राशि रुपये 1573 करोड़ रुपये तथा गैस सिलेण्डर रिफिल अनुदान योजना के लिए प्रदेश के 26 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 55 करोड़ रुपये का वितरण सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा किया गया।




# शहर से चोरी हुआ वाहन पुलिस ने राजस्थान से किया बरामद

## उज्जैन निवासी दो आरोपी गिरफ्तार

भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ

शाजापुर, शहर से लोडिंग मिनी ट्रक चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने के साथ ही वाहन को राजस्थान से जप्त कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी श्याम सौराष्ट्रीय पिता रामलाल सौराष्ट्रीय आयु 33 साल निवासी हाट मैदान शाजापुर ने थाना कोतवाली शाजापुर पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 21 अक्टूबर 2024 की रात में उसने अपनी लोडिंग गाड़ी भारत बैंज क्रमांक एमपी 09 सीजी 2586 कीमत 10 लाख रुपये को हाट मैदान में खड़ी की थी 22 को सुबह देखा तो लोडिंग गाड़ी मौके पर नहीं दिखी। गाड़ी में लगे जीपीएस की लास्ट लोकेशन सुपर मार्केट पानखेड़ी तक दिखा रही है, उसके बाद से जीपीएस बंद हो गया। जिस पर थाना कोतवाली शाजापुर पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत के द्वारा थाना प्रभारी थाना कोतवाली बृजेश मिश्रा को अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी और चोरी हुई लोडिंग गाड़ी भारत बैंज की तलाश हेतु टीम गठित करने हेतु निर्देशित किया गया। दौराने विवेचना थाना प्रभारी मिश्रा के द्वारा उनि राहुल पोरवाल, प्रआर 530 जीवन पांचाल, प्रआर 650 राकेश राठौर और आरक्षक 355 अर्जुनसिंह की एक टीम गठित की गई, जिनके द्वारा घटना स्थल के सीसीटीवी कैमरे तलाशे और गाड़ी में लगे जीपीएस की लास्ट लोकेशन सुपर मार्केट पानखेड़ी के आगे के रूट का सीसीटीवी कैमरे चैक करते हुए जावरा जिला नीमच तक पहुंचे। आगे के टोल प्लॉजा से गाड़ी मंदसौर, नीमच के रास्ते से राजस्थान की सीमा में जाने की जानकारी लगी। जावरा शहर में लगे कैमरे में दो संदिग्ध लड़कों के द्वारा उक्त लोडिंग गाड़ी चोरी करने की जानकारी मिली। इस दौरान घटना स्थल से जावरा तक पुलिस टीम द्वारा करीबन 100 सीसीटीवी कैमरे चैक किए गए। गठित पुलिस टीम द्वारा शाजापुर से कुछ स्थानों को चिन्हित किए, जिनके आधार पर जिला शाजापुर के सायबर सेल प्रभारी उनि अरविंदसिंह तोमर, आरक्षक अनिल सक्सेना, आर घनश्याम राजपूत से द्वारा महत्वपूर्ण एकत्रित जानकारी के आधार पर दो संदिग्ध लडकों की जानकारी मिली जो सीसीटीवी कैमरों में दिखाई दिए थे, जिनकी पहचान फिरोज पिता हमीद खान उम्र 29 वर्ष निवासी राजीव रतन कॉलोनी उज्जैन और 02 जुबेर पिता जाकीर खान उम्र 21 वर्ष निवासी विक्रम नगर उज्जैन के रुप में हुई। पुलिस टीम द्वारा उज्जैन में दोनों संदेही के घरों पर दबिश देकर अपनी कस्टडी में लिया और दोनों से पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर हाट मैदान शाजापुर से चोरी की गई लोडिंग वाहन भारत बैंज राजस्थान के निम्बाहेड़ा में छुपाना बताया। पूछताछ में दोनों आरोपियों के द्वारा एक माह पूर्व ही देवास जिले से चोरी गई महिन्द्र पीकअप गाड़ी भी चोरी करना स्वीकार किया गया। दोनों आरोपियों द्वारा पूर्व में भी उज्जैन, आगर में वाहन चोरी के अपराध में जेल जाने की बात बताई। थाना कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों को राजस्थान के निम्बाहेड़ा ले जाया गया जहां पुलिस थाना निम्बाहेड़ा जिला चित्तौड़गढ़ राजस्थान के सउनि सूरज कुमार और आरक्षक वीरेन्द्र की सहायता से लोडिंग गाड़ी भारत बैंज को जप्त किया गया। उक्त आरोपियों को न्यायालय शाजापुर में पेश किया गया, जहां से न्यायालय के आदेश से जिला जेल शाजापुर दाखिल किया गया।



# शाजापुर में धूमधाम से मनाई गई भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती

भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ ।

शाजापुर, कलचुरी समाज ने अपने आराध्य देव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती निजी अस्पताल में धूमधाम के साथ मनाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अरुण भीमावद रहे। अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष संजय शिवहरे ने की। इस दौरान जनपद अध्यक्ष शरद शिवहरे, कलचुरी समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोहरलाल राय, शिवनारायण शिवहरे विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में भगवान की पूजन-वंदना के बाद 75 वर्ष से अधिक पुरुष एवं माता का सम्मान किया गया। साथ ही समाज के प्रतिभावान बच्चे जिनके 75 प्रतिशत से अधिक अंक आए उनका सम्मान किया। साथ ही समाज के डॉक्टर एवं प्रमुख पदों पर पदस्थ समाजजनों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष संजय शिवहरे ने समाज की धर्मशाला की मांग विधायक के समक्ष रखी, जिस पर विधायक ने 10 लाख रुपये कलचुरी समाज के ट्रस्ट में देने की घोषणा की। वहीं समाजजनों शिवनारायण शिवहरे ने एक लाख, मनोहरलाल राय ने एक लाख, राकेश जायसवाल दुधाना ने एक लाख, डॉ एसडी जायसवाल ने एक लाख, जनपद अध्यक्ष शरद शिवहरे ने एक लाख रुपये, डॉक्टर शुभम गुप्ता ने एक लाख रुपये ट्रस्ट में देने की घोषणा की। इस मौके पर कलचुरी समाज के अध्यक्ष शिवहरे ने कहा कि अगले वर्ष समाज की शोभायात्रा एवं जिला स्तरीय कार्यक्रम एवं समाज का परिचय सम्मेलन शाजापुर में आयोजित करेंगे। विधायक ने समाज को संगठित होने, बुराईयों को छोड़कर सामाजिक गतिविधियों में एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य के बारे में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यो के बारे में बताया। इस अवसर पर रोशन शिवहरे, नरेंद्र जायसवाल, मनोज जायसवाल, सुरेश जायसवाल, अशोक जायसवाल, दिलीप जायसवाल, मनोज जायसवाल, अंकित जायसवाल सहित समाजजन उपस्थित थे।



# बरगवां अमलाई में 9 दिवसीय शिवमहापुराण कथा का होगा आयोजन

## भक्ति में डूबेगा सोड़ाफैक्ट्री ग्राउंड

यशपाल सिंह जाट । सिटी चीफ

अनूपपुर, अनूपपुर जिले के नगर परिषद बरगवां अमलाई अंतर्गत सोड़ाफैक्ट्री ग्राउंड में आगामी 9 दिवसीय शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। जो 06 दिसंबर 2024 से 15 दिसंबर 2024 तक आयोजित होने वाला है। यह कार्यक्रम सोड़ा फैक्ट्री ग्राउंड, बरगवां, जिला अनूपपुर (म.प्र.) में आयोजित किया जाएगा। कथा व्यास पंडित सोमनाथ शर्मा जी (राष्ट्रीय प्रवक्ता, नर्मदा पुरम) होंगे। आयोजन की शुरुआत 06 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से होगी। इस आयोजन के लिए शिव भक्ति जनचेतना समिति द्वारा तैयारियों का शुभारंभ हो चुका है। समिति के अध्यक्ष और सभी सदस्यों ने मिलकर प्रथम आमंत्रण बरगवां नाथ स्वामी हनुमान जी महाराज को बैनर अर्पित कर कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रार्थना की।यह कार्यक्रम सोड़ाफैक्ट्री ग्राउंड में आयोजित होगा, जहाँ कथा व्यास, राष्ट्रीय प्रवक्ता भागवत आचार्य पंडित सोमनाथ शर्मा जी नर्मदा पुरम से पधारकर शिवमहापुराण कथा की अमृत वर्षा करेंगे। इस पावन कथा में नगर, जिला और संभाग के सभी श्रद्धालुओं एवं समाजसेवियों को शामिल होने की अपील की गई है।




# विदेश मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 6 दिवसीय सम्मेलन में शिरकत करेंगी - सांसद हिमाद्री सिंह

यशपाल सिंह जाट । सिटी चीफ

अनूपपुर,शहडोल संसदीय क्षेत्र की लोकप्रिय सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह को नॉर्वे में होने वाले संयुक्त राष्ट्र संघ के महिलाओ संबंधी विभाग और नॉर्वे की संसद तथा विदेश मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 6 दिवसीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है . 17 नवंबर से 22 नवंबर तक ओस्लो में आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में सर्कुलर इकॉनमी , जलवायु परिवर्तन, लैंगिक समानता और महिलाओं से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी।सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए 16 नवंबर को दिल्ली से ओस्लो जायेंगी जहां पर वह 6 दिनों तक चलने वाले सम्मेलन में महिलाओं से संबंधित मामलों को प्रमुखता से रखेंगी। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह द्वारा दी गई।



# सामाजिक सुरक्षा जिम्मेदार मर्दानगी यौन हिंसा की रोकथाम के तहत पुलिस ने रक्षा समिति

## ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों की क्षमता विकास किये जाने के सम्बंध मे सामुदायिक पुलिस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

**यशपाल सिंह जाट । सिटी चीफ**

अनुपपुर, पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोती उर रहमान (आई.पी.एस.) अनूपपुर के निर्देशन मे आज दिनाँक 08.11.2024 को बालिकाओ एवं महिलाओ पर होने वाली हिंसा की रोकथाम हेतु सामाजिक सुरक्षा जिम्मेदार मर्दानगी, यौन हिंसा की रोकथाम विषय पर नगर रक्षा समिति/ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों की क्षमता विकास किये जाने के सम्बंध मे सामुदायिक पुलिस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, आयोजन एकलव्य आवासीय विद्यालय के आडिटोरियम मे किया गया । प्रशिक्षण मे जिला अनूपपूर के थाना कोतवाली अनूपपुर, जैतहरी, चचाई, कोतमा, भालूमाड़ा, बिजुरी, रामनगर, राजेन्द्रग्राम, करनपठार, एवं अमरकंटक थाना के नगर रक्षा समिति/ग्राम रक्षा समिति के 110 सदस्यो को प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण मे मास्टर ट्रेनर श्री सुशील शर्मा एन.जी.ओ. कोतमा, अनुविभागीय अधिकारी (पु.) अनूपपुर/कोतमा श्री सुमित केरकेट्टा, यातायात प्रभारी निरीक्षक श्रीमती ज्योति दुबे, महिला थाना प्रभारी वी.के. तिवारी, एवं स्टाफ आर. कपिल देव चक्रवर्ती, विवेक मिश्रा, म.आर. सुजाता पाण्डेय एवं प्रवीन गौतम उपस्थित रहे । नगर रक्षा समिति/ग्राम रक्षा समिति के सदस्यो को मास्टर ट्रेनर श्री सुशील शर्मा एन.जी.ओ. कोतमा, अनुविभागीय अधिकारी (पु.) अनूपपुर/कोतमा श्री सुमित केरकेट्टा, यातायात प्रभारी निरीक्षक श्रीमती ज्योति दुबे, महिला थाना प्रभारी वी.के. तिवारी के द्वारा बालिकाओ एवं महिलाओ पर होने वाली हिंसा की रोकथाम, सामाज मे व्याप्त लिंग भेद, बालिकाओ को शिक्षित करने तथा आम जनो को जागरूक करने एवं विकसित करने के सम्बंध मे विस्तार से जानकारी दी गई । पुलिस प्रशिक्षण कार्यक्रम मे मास्टर ट्रेनर श्री सुशील शर्मा एन.जी.ओ. कोतमा, अनुविभागीय अधिकारी (पु.) अनूपपुर/कोतमा श्री सुमित केरकेट्टा, यातायात प्रभारी निरीक्षक श्रीमती ज्योति दुबे, महिला थाना प्रभारी वी.के. तिवारी, एवं स्टाफ आर. कपिल देव चक्रवर्ती, विवेक मिश्रा, म.आर. सुजाता पाण्डेय एवं प्रवीन गौतम सभी की सक्रिय भूमिका एवं योगदान रहा ।





# जिला मुख्यालय पर आयोजित हुआ सीएम हेल्पलाईन समाधान शिविर

## पुलिस अधीक्षक ने समस्याओं का किया निराकरण

**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ ।**

शाजापुर. सीएम हेल्पलाईन 181 शिकायतों के निराकरण हेतु डीजीपी पुलिस मुख्यालय भोपाल सुधीर सक्सेना द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसीको लेकर शनिवार को शाजापुर पुलिस लाइन में समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 63 आवेदक शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने शिविर में समस्याओं की सुनवाई कर समाधान किया और थाना प्रभारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्या का समाधान किए जाने पर शिकायतकर्ताओं ने संतुष्ट होकर शिकायत बंद कराई। शिविर में आवेदक अनिलसिंह थाना शुजालपुर मण्डी की लेवल 3 की 563 दिवस की लंबित शिकायत, आवेदक राजकुमार थाना सलसलाई की 522 दिवस की लंबित शिकायत, छोटू थाना मक्सी की 383 दिवस की लंबित शिकायत सहित कुल 25 शिकायतें संतुष्टीपूर्वक बंद हुईं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों के निराकरण के संबंध में चर्चा की गई और प्राथमिकता के आधार पर आमजन की समस्याओं की शिकायतों के संतुष्टि पूर्वक निराकरण लेवल 1 एवं लेवल 2 स्तर पर करने तथा विशेष तौर पर नाबालिक बालक, बालिकाओं के अपहरण एवं महिला संबंधी शिकायतों के निराकरण हेतु निर्देशित किया। उन्होने सभी थाना प्रभारियों से कहा कि पुलिस थाना हमारी प्राथमिक इकाई है, यहीं पर फरियादियों की शिकायत को संवेदनशील होकर समक्ष में सुनकर समझाया जाए और संतुष्टि पूर्वक त्वरित कार्रवाई की जाए। नाबालिक बच्चों के मामलों में पुलिस मुख्यालय सीआईडी से जारी एसओपी का अक्षरश- पालन करें जिससे बच्चियों की दस्तयाबी में सार्थक होगा। शिकायतों का शीघ्रता से निराकरण होगा एवं आमजन की सुविधा व उनकी समस्याओं के समाधान के लिए ही पुलिस प्रशासन है तो पीड़ित जन की छोटी से छोटी शिकायतों को भी पूर्ण गंभीरता से लिया जाए और उनके त्वरित, संतोषजनक निराकरण हेतु विशेष प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्राय- किसी भी समस्या होने पर सर्वप्रथम फरियादी शिकायत लेकर पुलिस थाने ही आता है तो सबसे पहले अच्छा व्यवहार कर ध्यानपूर्वक उसकी समस्या सुनें, उसके समाधान के लिए विधिनुसार हरसंभव प्रयास करें और शिकायतकर्ता की समस्या के निदान हेतु प्रभावी कार्रवाई कर आवेदक को भी अवगत कराएं। शिविर में सभी राजपत्रित अनविभागीय अधिकारी पुलिस, रक्षित निरीक्षक वंदनासिंह, समस्त थानों के थाना प्रभारी, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



# कनासिया मंडल कि संगठन चुनाव हेतु कार्यशाला



तराना - भारतीय जनता पार्टी कनासिया मंडल कि संगठन चुनाव हेतु कार्यशाला जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक मेहता मंडल निर्वाचन अधिकारी दिलीप मोदी के मुख्य आतिथ्य में एवं मंडल अध्यक्ष फूलसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित की गई कार्यशाला में अतिथियों ने सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यशाला की शुरुआत की कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंडल निर्वाचन अधिकारी दिलीप मोदी ने कहा कि हर बूथ पर समिति का गठन करना है बूथ अध्यक्ष से लेकर 11 सदस्य ऐसे बनाने हैं जो निरंतर भारतीय जनता पार्टी का कार्य निडर होकर निष्पक्ष रूप से करते हैं बूथ समिति ऐसी बनानी है जो भाजपा के हित में मेरा बूथ सबसे मजबूत बूथ जिता चुनाव जीता के अंतर्गत कार्य करें कार्यशाला को मंडल अध्यक्ष फूलसिंह गुर्जर ने संबोधित करते हुए कहा कि बूथ समिति में हर वर्ग का ध्यान रखना अनिवार्य है हर वर्ग से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता को बूथ समिति में सदस्य बनाना है बूथ समिति में तीन महिलाओं को जोड़ना अनिवार्य जो भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय रुप से कार्य करें ऐसे व्यक्ति को ही बूथ समिति में पदाधिकारी बनाना है कार्यक्रम को जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक मेहता ने संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन पर्व के अंतर्गत सभी बूथ केंद्रो पर बूथ समिति गठन करने तथा बूथ समिति कैसी बनानी है कौन से कार्यकर्ता को बूथ समिति में शामिल करना है तत्पश्चात मंडल के पदाधिकारी शक्ति केंद्र के प्रभारी संयोजक आदि की उपस्थिति ली गई कार्यशाला में पूर्व दुग्ध संघ उपाध्यक्ष मनोहरलाल पाटीदार वरिष्ठ नेता मदनसिंह हाडा पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष रामबाबु पाटीदार , करंज शक्ति केंद्र निर्वाचन अधिकारी शक्तिसिह परिहार ,पुर्व सरपंच संघ अध्यक्ष तेजसिंह दांगी सरपंच संघ अध्यक्ष चरणसिह गुर्जर, केपी झाला ईश्वर धनगर करणसिंह गुर्जर आदि मंचासीन थे कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले में जगदीश जाट जनपद सदस्य दारासिह जाट पप्पूसिंह चांदना राजेश जोशी करणसिंह चौधरी रायसिह बंजारा नेपालसिह ,मांगूसिह उमठ ,मोड़सिह गुर्जर सोदानसिह काकू ,संजय गुर्जर महेश परमार विनोद पटेल गोतम मंडलोई अवतार गुर्जर जितेंद्रसिंह गुर्जर धिरज गुर्जर सुनिल पटेल आदि सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे जानकारी भाजपा मीडिया प्रभारी शिवनारायण गुर्जर ने दी

# उप-स्वास्थ्य केन्द्रों के बन जाने से लगभग 40 ग्रामों को उत्तम स्वास्थ्य की सुविधा प्राप्त होगी-राज्यमंत्री लोधी

## 49-49 लाख रुपये की लागत से नव निर्मित दो उप-स्वास्थ्य केन्द्रों का राज्यमंत्री लोधी ने किया लोकार्पण



**दमोह** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने विधानसभा जबेरा के जनपद जबेरा अंतर्गत ग्राम दुगानी एवं कुसमी मानगढ़ में 49-49 लाख रुपये की लागत से नव निर्मित दो उप स्वास्थ्य केंद्रों का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा उप स्वास्थ्य केन्द्रों के बन जाने से लगभग 40 ग्रामों को उत्तम स्वास्थ्य की सुविधा प्राप्त होगी। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा पहले इलाज के लिए दूर दराज दमोह या जबेरा इलाज के लिए जाना पड़ता था जिसमें आर्थिक रुप से और समय अधिक ख़र्च होता था लेकिन अब उप स्वास्थ्य के निर्माण से सुविधा प्राप्त होगी। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा जबेरा विधानसभा में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं हमारी प्राथमिकता हैं। उन्होंने कहा जब वे विधायक बने तब 9 उपस्वास्थ्य केंद्र एवं 2 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत हुए थे। मंत्री बनने के बाद 16 उप स्वास्थ्य केंद्रो की स्वीकृति ओर प्राप्त हुई है, जिनका निर्माण कार्य जल्दी ही किया जाएगा। जिससे क्षेत्र वासियों को इलाज के लिए भटकना नही पड़ेगा। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार निरंतर जनहितैषी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा रही हैं। इन भवनों में एक प्रसव कक्ष, एक वार्ड, ओपीडी कक्ष, बेंटिंग रुम, टीकाकरण कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष, तीन शौचालय, एक बाथरूम सहित प्रथम तल में सीएचओ एवं ए एन एम कक्षों का निर्माण किया गया हैं। इस कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि रुपेश सेन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मुकेश कुमार जैन, जबेरा बीएमओ डॉं. डीके राय, राजेश जैन, रानू नामदेव, बंटी दुबे, सहारा ठाकुर, नीरज जयसवाल, श्री पटैल, अजय राय, गोलू साहू, अनुराग नेमा, विवेक शाह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र वासियों की उपस्थिति रही।

# वाल्मीकि समाज ने विधायक आक्या को ज्ञापन सोंप सफाई कर्मचारी भर्ती में अनुभव प्रमाण पत्र की बाध्यता को समाप्त किये जाने कि मांग की



**शंभूपुरा।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ जिला शाखा चित्तौडगढ़ द्वारा शुक्रवार को चित्तौडगढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या से भेंटकर उन्हे सफाई कर्मचारी भर्ती 2024 में अनुभव प्रमाण पत्र की बाध्यता समाप्त कर वाल्मीकि समाज को ही नियुक्ति प्रदान करने संबंधी ज्ञापन सोंपा। अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ जिला शाखा चित्तौडगढ़ के अध्यक्ष जीवन कोदली ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा सफाई कर्मचारीयो की भर्ती संबंधी प्रक्रिया में एक वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र मांगा गया है जबकि वाल्मीकि समाज वर्षो से सफाई कार्य करता आ रहा है और कर रहा है। वाल्मीकि समाज का मूल कार्य ही यही है। अत: भर्ती प्रक्रिया में अनुभव प्रमाण पत्र को कोई ओचित्य ही नही है। शुक्रवार को बड़ी संख्या में अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ जिला शाखा चित्तौडगढ़ के पदाधिकारीयो व वाल्मीकि समाज के लोगो ने विधायक आक्या को ज्ञापन सोपते हुए उनसे सफाई कर्मचारी भर्ती में वाल्मीकि समाज के अभ्यर्थियो को शत प्रतिशत नियुक्ति देने व अनुभव प्रमाण पत्र की बाध्यता समाप्त कर वाल्मीकि समाज के जाति प्रमाण पत्र को ही अनुभव प्रमाण पत्र के रूप में मान्य करने संबंधी पत्र सोपा। विधायक आक्या द्वारा ज्ञापन पर तुरंत संज्ञान लेते हुए मोके पर ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को सफाई कर्मचारी भर्ती में वाल्मीकि समाज के अभ्यर्थियो को शत प्रतिशत नियुक्ति देने व अनुभव प्रमाण पत्र की बाध्यता समाप्त कर वाल्मीकि समाज के जाति प्रमाण पत्र को ही अनुभव प्रमाण पत्र के रूप में मान्य करने संबंधी पत्र लिखा। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष दिलीप बेनीवाल, वाल्मीकि महासभा के जिलाध्यक्ष राजेश लोठ, पप्सा टांक, ओमप्रकाश लोठ, संतोष टांक, राधेश्याम गारू, प्रभुलाल कंडारा, राजेश कंडारा, भगवतीलाल गारू, मुकेश गोरण, रोहित घावरी, श्याम राठौड़, राज गारू, गोपाल बेनीवाल, प्रहलाद बुरठ, सुनील बोरडे, आनंद घावरी, राकेश बारेशा, विजय चनाल, राहुल सिंगोलिया, राजेश नकवाल, राजा, पुष्पा पंडित, रचना बाई, सरिता, रेखा, सीमा, रतना, रिंकु, मंजु, भारती, जतन बाई गारू, जगदीश गेंगठ, बिल्लु चैहान, धरमपाल गारू, सुनील कोदली, अरूण लोठ, किशन राठौड़, किशन खोखर, सन्नी चैहान, रतन छपरीबंध, सिकन्दर राठौड़, राजेन्द्र कोदली, लक्ष्मण लोठ, विकास, शिव कोदली, सोनु लोठ, बाबा, अर्जुन घावरी, महेश टांक, राजेश घावरी, कमलेश गारू, विजय नकवाल, आशीष लोठ, राहुल लोठ सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थें।

# यूथ मूवमेंट और श्रीकल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में व्याख्यान संपन्न

## भारतीय संस्कृति, साहित्य और ज्ञान परम्परा हमारे जीवन का आधार-साहित्यकार सक्सेना



शंभूपुरा। भारतीय संस्कृति, साहित्य और ज्ञान परम्परा हमारे जीवन का आधार है। इसका महत्व अनमोल होने के साथ ही यह हमारे लिए अमूल्य धरोहर भी है।यह बात राजस्थान साहित्यिक आंदोलन के जनक वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार अनिल सक्सेना ने शुक्रवार को श्रीकल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय के सभागार में मुख्य वक्ता के रूप में छात्रों को संबोधित करते हुए कही। वे राजस्थान के साहित्यिक आंदोलन की श्रृंखला में यूथ मूवमेंट राजस्थान और श्रीकल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय साहित्य, संस्कृति और ज्ञान परम्परा विषय पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे पुरानी और समृद्ध संस्कृतियों में से एक है। इसका विस्तार हजारों वर्षो में हुआ और इसकी जड़ें वेदों, उपनिषदों, महाकाव्यों तथा विभिन्न धार्मिक ग्रंथों में गहराई से जुड़ी हुई है। भारतीय समाज में ''वसुधैव कुटुंबकम'' का सिद्वांत इस संस्कृति का मूल आधार है।श्रीकल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय के चैयरपर्सन कैलाश मुन्दड़ा ने महाभारत, रामायण एवं पौराणिक दृष्टान्तों से भारतीय संस्कृति पर प्रकाश डाला। उन्होंने विश्वविद्यालय में होने वाले वैदिक पाठ्यक्रमों की भी जानकारी दी। यूथ मूवमेंट राजस्थान के संस्थापक शाश्वत सक्सेना ने छात्रों से आहवान करते हुए कहा कि हमें अपने माता-पिता और गुरू के बताये मार्ग पर ही चलना चाहिए और यही जीवन में सफलता मिलने का एकमात्र रास्ता है। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की वंदना एवं मंत्रोच्चारण और श्रीकल्लाजी की पूजार्चन से हुआ। अतिथियों का स्वागत और उद्बोधन ज्योतिष विभागाध्यक्ष डॉ. ललित शर्मा द्वारा किया गया। हिंदी विभागाध्यक्ष नटवर लाल भाम्बी ने भी छात्रों को संबोधित किया। योग विभागाध्यक्ष एवं सहायक आचार्य डॉ. लोकेश चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सहायक आचार्य डॉ. अनुष्का ओझा ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चैयरपर्सन कैलाश मुन्दड़ा ने की और विशिष्ट अतिथि चित्तौड़गढ़ की शिक्षाविद शांति सक्सेना और निम्बाहेड़ा के समाजसेवी मनोज सोनी थे। **एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न** भारतीय संस्कृति, साहित्य और ज्ञान परम्परा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ ही विश्वविद्यालय के मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ. चन्द्रवीर राजावत, लेखाधिकारी राजेश पारीक, सहायक आचार्यगण डॉ. रचना शर्मा, डॉ.सुनील कुमार शर्मा, पुस्तकालय अध्यक्ष देवीलाल कुम्हार, मनीष चांदना, कन्हैयालाल, साक्षी मिश्रा, नेहा शर्मा एवं अन्य आचार्यगण मौजूद रहे।

## यूनिवर्सल एकेडमी स्कूल तराना की छात्रा माहीन ने रकबी खेल में बढ़ाया नगर का गोरव

तराना - नगर का सर्वसुविधा युक्त विद्यालय जो शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाए हुए है सर्व सुविधा युक्त इस विद्यालय के शिक्षको की मेहनत से आस-पास के इलाके में धूम मचा रखी हैं हर किसी अभिभावक का सपना अपने बच्चों को यूनिवर्सल एकेडमी स्कूल में भर्ती कराने का बन गया है साथ ही यहां के छात्र-छात्राएं शिक्षा के साथ खेल में भी अपना जौहर दिखा रहे है इस वर्ष स्कूल खेल विभाग द्वारा आयोजित खेलो में यूनिवर्सल एकेडमी स्कूल तराना के छात्र-छात्राओं ने तहसील से लेकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओ में अपना चयन करवा कर विद्यालय का लोहा मनवाया है हाल ही में हुई शाजापुर में संभागस्तरीय रकबी और आलोट में आयोजित पिट्ठू प्रतियोगिता में छात्र सारांश पाटीदार, राजपाल ठाकुर, महक टेवा, निधि पंवार, महीन शाह का राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओ के लिए चयन हुआ है जो कि विद्यालय के साथ पूरे आप पास के क्षेत्र के लिए बड़े गर्व का विषय हैं इस वर्ष विद्यालय से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कुल पांच,संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में छब्बीस,जिला स्तरीय प्रतियोगिता में साठ से अधिक छात्र छात्राओं का चयन अपने आप में गौरव शाली रहा है, विद्यालय लगातार शिक्षा के साथ खेल-कूद में भी छात्र-छात्राओं का भविष्य बनाने में निरंतर प्रयास कर रहा है इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय के डायरेक्टर अंकित कुमार चावड़ा और प्राचार्य विनोद बॉस ने विद्यालय के अपने मेहनती स्टॉफ की सराहना करते हुए चयनित छात्र छात्राओं को पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी ओर उनको उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही खेल शिक्षक बलराम चौहान का भी विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर स्वागत कर बधाई दी इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर अंकित कुमार चावड़ा,प्राचार्य विनोद बॉस,वरिष्ठ शिक्षक कैलाश नारायण चावड़ा,कॉर्डिनेटर आशीष शर्मा,अरुणा पंवार सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे !

# बालकधाम में गुरूनानक देव का 555 वां 8 दिवसीय प्रकाशोत्सव प्रारंभ

## महोत्सव के दौरान होगा गोपाष्टमी, तुलसी विवाह, भीष्म के दीपों का प्रज्जवलन और 16 को होगा आम भंडारा



खंडवा।। सिंधी समाजजन सिंधी कालोनी स्थित प्रसिद्ध बालकधाम में सुफी संत श्री गुरूनानकदेव जी का आठ दिवसीय 555 वां जयंती प्रकाशोत्सव शनिवार 9 नवम्बर से शनिवार 16 नवंबर तक स्वामी माधवदास उदासी जी के सानिध्य में समाजजनों द्वारा बड़ी श्रद्धा हर्षोल्लास से मनायेंगे। आठ दिवसीय उत्सव के दौरान प्रति रात्रि 9 बजे से श्री झुलेलाल समर्थ पैनल, श्री पिपलेश्वर झुलेलाल भजन मंडली, भगत महेश म्यूजिकल पार्टी के व्दारा संगीतमय गीतों, भजनों, पल्लव की प्रस्तुतियां प्रारंभ हुई। वहीं गोपाष्टमी शनिवार को मनायी गई। 12 मंगलवार को देव उठनी एकादशी को भीष्म (भीखम) के अखंड दीपों का प्रज्ज्वलन एवं प्रात: काल 9 बजे तुलसी विवाह का परंपरागत रूप से आयोजन एवं अंतिम दिन आम भंडारा आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए बालकधाम प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि प्रकाशोत्सव की तैयारियों को लेकर एक बैठक पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष गेहीराम सितलानी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। प्रकाशोत्सव की शुरूआत मंगलवार 9 नवंबर रात्रि 11 बजे श्री गुरूग्रंथ साहेब के सप्ताह पाठ आरंभ से हुई। 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी पर प्रात- 9 बजे तुलसी विवाह का आयोजन एवं समाजजनों द्वारा पितरों की शांति एवं आशीर्वाद की कामना से भीष्म (भीखम) के अखंड दीपों का प्रज्वलन किया जायेगा। महोत्सव के दौरान 13, 14 एवं 16 नवम्बर को भगत महेश म्यूजिक पार्टी कटनी के व्दारा संगीतमय गीतों, भजनों, पल्लव की प्रस्तुतियां होगी। शुक्रवार 15 नवंबर मध्य रात्रि 1.20 बजें परंपरानुसार भगत महेश म्यूजिक पार्टी कटनी के कलाकारों के संगीतमय गीतों भजनों, पल्लव, लोरियों एवं लाडों की प्रस्तुति एवं रंग बिरंगी आकाशीय गगनभेदी आतिशबाजी के मध्यम गुरूनानक देव जी का जन्मोत्सव डोली उतारकर मनाया जाएगा।प्रकाशोत्सव का समापन शनिवार 16 नवंबर को प्रात: 11 बजे सप्ताह पाठ साहेब पर भोग पश्चात विशाल भंडारा के साथ होगा।

बैठक में यह थे उपस्थित बैठक में नानकराम चंदवानी, मोहन दीवान, मनोहर संतवाणी, ताराचंद जेठवानी, मनोहर सबनानी, मनोज गेलानी, मुकेश चंचलानी, अशोक हेमवानी, राजू , संजय सबनानी, अशोक असनानी, अनिल आरतानी, जयराम वाधवानी, प्रकाश आहूजा, विजय खत्री, हरिश मलानी, विजय मंगवानी, नारायण चावला, रामचंद्र दुल्हानी, राम संतवानी, जयराम उधलानी, हरीश तलरेजा, निर्मल मंगवानी, जेठानंद, अशोक, गितेश राजाणी, राकेश नावानी, राजेश वाधवा, राम वासवानी, चंदू मंगवानी, संतोष कृपलानी, केवल राम तेजवानी, सेवक मोटवानी, खैमचंद, सुनील जेठवानी, संतोष मोटवानी आदि सहित बडी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# भारतीय जनता पार्टी मंडल आलोट की कार्यशाला आयोजित कि गई



भारतीय जनता पार्टी मंडल आलोट की कार्यशाला राम सिंह दरबार प्रांगण पर आयोजित की गई, उक्त कार्यशाला में सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे, कार्यशाला में सैलाना विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमती संगीता विजय चारेल, मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह डोडिया, विधानसभा विस्तारक नंदन राज जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश कोठारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य हरपाल सिंह सोलंकी, सुरेंद्र सिंह सोलंकी, नगर परिषद उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह सोलंकी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक जैन, मंडल प्रभारी राजेश परमार आदि लोग मंचासीन रहे और उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया, आगामी भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रम को लेकर दिनांक एवं वार तय किए गए, जिन भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सदस्यता अभियान के अंतर्गत अभी तक 50 या 100 से अधिक कार्यकर्ता जोड़कर सक्रिय कार्यकर्ता नहीं बन पाए हैं 15 नवंबर से पूर्व वे अपने निर्धारित सदस्य जोड़कर सक्रिय सदस्य बन सकते हैं, कार्यशाला के अंत में आभार महामंत्री अनिल पोरवाल द्वारा माना गया एवं उक्त कार्यक्रम का संचालन मोहक मेहता द्वारा किया गया, कार्यशाला में 11 शक्ति केंद्र पर निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किए गए जिन में दिनेश कोठारी, रमेश मालवीय, अनिल पोरवाल, सरवन सिंह सोलंकी, महेंद्र सिंहसोलंकी, कमल गुप्ता, महेश टाक, सुरेंद्र सिंह सोलंकी, अभिषेक जैन, अनिल भरावा, मोहक मेहता आदि को शक्ति केंद्रों पर निर्वाचन अधिकारी बनाया गया।

# रंगवासा पंचायत के पूर्व पंच रवि मकवाना ने की सरकारी जमीन पर नियत खराब



इंदौर - राउ नगर में आने वाली ग्राम पंचायत रंगवासा हमेशा विवादों में रही है यहां पर न कभी स्वच्छता का ध्यान रखा गया,ओर न ही कोई कार्य प्रणाली सरपंच ममतेश प्रवीण चौहान और सचिव रमेश भामर की सुचारू रूप से चली ! अंधेर नगरी की तर्ज पर है काम करती रंगवासा पंचायत राऊ में इंदौर फर्स्ट की टीम जब ग्राम पंचायत रंगवासा दौरे पर पहुंची, तो सरपंच सचिव दोनों ही गायब मिले ! फोन पर जब सरपंच से बात करने का प्रयास किया तो कही बीजी हूं कहकर सरपंच द्वारा फोन काट दिया गया,आसपास से गुजरने वाले लोगों ने बताया कि रंगवासा पंचायत इन दोनों किराने की दुकान जैसे बनी हुई है ! जो कभी भी खुल जाती है और कभी भी बंद हो जाती है ! गांव में कई मकान अवैद्य बनते दिखे ,इसमें से एक पूर्व पंच रवि मकवाना पिता जगदीश मकवाना जिसके पास पहले से ही दो तीन मकान है ,अपने पिता जगदीश मकवाना , भाई जगदीश मकवाना , सचीन मकवाना , के साथ मिलकर एक ओर सरकारी जमीन पर कब्जा करके निर्माण कार्य करा रहा था !जब इस संदर्भ में रवि मकवाना से पूछा के आपके पास इसका पट्टा है तो बोले नहीं ! रवि मकवाना के मकान के निर्माण कार्य के आस पास महिलाओं ने बताया कि रवि मकवाना यहां हमे आए दिन गाली गालीब गलौज करता है ! और स्थानीय नेताओं की धमकी देता है साथ अपने बढ बोल वचन के साथ कहता है कि में प्रशाशन को जेब में लेकर घूमता हूँ ! जिसकी हमने राऊ थाने में शिकायत भी की है ! अब देखना है ये है के सरकारी जमीन कर कब्जा करने वाला मकवाना परिवार अवैध मकान बनाता है ,या उस पर प्रशाशन का बुलडोजर चलते हुए सरकारी जमीन पर कब्जा करने के कारण कानूनी कार्रवाई होती है !

# सायबर सेल झाबुआ एवं थाना प्रभारी कालीदेवी की मदद से BSF जवान के ट्रांसफर हुए 92,000/- रुपए आवेदक के खाते में वापस कराये

शिकायतकर्ता बाबूलाल परते निवासी गवालटोली जिला नर्मदापुरम जो की BSF का जवान है। आवेदक के द्वारा नर्मदापुरम साइबर सेल में एक शिकायत की गई, जिसमें बताया कि आवेदक के स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के खाते में परिचित द्वारा ट्रांसफर की गई कुल राशि 92 हजार रुपए आवेदक के खाते में प्राप्त नहीं हुई। उक्त शिकायत में लाभान्वित खाते की डिटेल बैंक से प्राप्त की गई जो की जिला झाबुआ का खाता होना पाया गया । उक्त शिकायत पर तुरंत संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक झाबुआ महोदय श्री पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा सायबर सेल झाबुआ एवं थाना प्रभारी कालीदेवी निरी. प्रदीप वाल्टर को BSF जवान के रूपय वापस कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त निर्देशों के तारतम्य में सायबर सेल झाबुआ एवं थाना प्रभारी कालीदेवी निरी. प्रदीप वाल्टर द्वारा BSF जवान की ट्रांसफर हुई सम्पूर्ण राशि सकुशल वापस कराई। सराहनीय कार्य में योगदान कालीदेवी थाना प्रभारी निरीक्षक श्री प्रदीप वाल्टर, सायबर सेल झाबुआ, साइबर सेल नर्मदापुरम का रहा। एक अन्य मामले मे आवेदक सुरेश वास्केला निवासी पलासडी ने सायबर सेल झाबुआ मे शिकायत दर्ज कि उसके फोन पर अज्ञात व्यक्ति व्दारा कॉल कर कहा कि आपका नम्बर बंद होने वाला है, इसे चालू रखने के लिए 1 दबाएं, 1 दबाते ही आवेदक का नम्बर बंद हो गया व किसी दूसरे व्यक्ति के पास चालू हो गया, और आवेदक के फोन पे, व्हाटसएप, आदि का एक्सेस अज्ञात व्यक्ति के पास चला गया। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय व्दारा सायबर सेल झाबुआ को निर्देश दिए। उक्त निर्देशो के पालन मे कार्यवाही करते हुए सायबर सेल झाबुआ ने आवेदक के मोबाइल न. की जानकारी प्राप्त की तो पता चला की आवेदक का मोबाइल न. झारखण्ड के जामतारा में चल रहा है। उक्त मामले मे कार्यवाही करते हुए सायबर सेल झाबुआ व्दारा जिओ केयर मे सम्पर्क कर उक्त नम्बर को तत्काल बंद करवाया गया एवं पुन- आवेदक के नाम से रजिस्टर कराकर मोबाइल नम्बर का एक्सेस प्राप्त किया गया।

**सिम स्वैप** -सिम स्वैप धोखाधड़ी के तहत, जालसाज पीड़ित के नाम पर, फर्जी आईडी प्रूफ के साथ, नया सिम कार्ड प्राप्त कर सकते है। धोखेबाज़ मोबाइल सेवा प्रदाता के माध्यम से आपके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक नया सिम कार्ड जारी करवा लेते हैं। इस नए सिम की मदद से वे आपके बैंक खाते से वित्तीय लेनदेन करने के लिए आवश्यक वन टाइम पासवर्ड और अन्य अलर्ट प्राप्त करके पीड़ित के खाते से धोखाधड़ी वाले लेनदेन कर सकते हैं।

**सिम स्वैप धोखाधड़ी** -- जालसाज फिशिंग, विशिंग, स्मिशिंग आदि जैसे सोशल इंजीनियरिंग तरीकों के जरिए पीड़ित के बैंक खाते का विवरण और पंजीकृत मोबाइल नंबर प्राप्त कर लेता है।

- इसके बाद, वह मूल सिम को ब्लॉक कराने के लिए फर्जी आईडी प्रूफ के साथ पीड़ित बनकर मोबाइल ऑपरेटर के रिटेल आउटलेट पर जाता है।

- सत्यापन के बाद, ऑपरेटर वास्तविक ग्राहक (पीड़ित) के सिम को निष्क्रिय कर देता है और नकली ग्राहक (धोखेबाज) को नया सिम कार्ड जारी कर देता है।

- अब, जालसाज फ़िशिंग/विशिंग रणनीति के माध्यम से प्राप्त बैंकिंग विवरण का उपयोग करके पीड़ित के खातों पर धोखाधड़ी लेनदेन करने के लिए नए सिम के साथ ओटीपी प्राप्त कर सकता है।

**धोखाधड़ी से खुद को कैसे बचाएं** सोशल इंजीनियरिंग रणनीति (विशिंग, फ़िशिंग, स्मिशिंग) से सावधान रहें, जिसका उद्देश्य आपका गोपनीय और व्यक्तिगत डेटा चुराना है।

मोबाइल नंबर अचानक बंद होने पर, तुरंत अपने मोबाइल ऑपरेटर से संपर्क करें। सबसे खराब स्थिति से बचने के लिए, तुरंत अपने बैंक खाते का पासवर्ड बदलें।

अपने बैंकिंग लेन-देन के लिए नियमित एसएमएस के साथ-साथ ई-मेल अलर्ट के लिए रजिस्टर करें। (इस तरह, भले ही आपका सिम निष्क्रिय हो जाए, आपको अपने ईमेल के माध्यम से अलर्ट मिलते रहेंगे)

समय-समय पर अपने बैंक खाते का विवरण देखें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि विवरण में दर्शाए गए लेन-देन वास्तव में आपके द्वारा ही किए गए हैं।

धोखाधड़ी की स्थिति में, अपने खाते को ब्लॉक कराने और आगे की धोखाधड़ी से बचने के लिए तुरंत बैंक से संपर्क करें।

*CYBER ADVISORY* :- टेलीग्राम के माध्यम से साइबर ठगों द्वारा पार्ट टाइम जॉब के नाम पर व टास्क पूरा करने के नाम पर व्यक्ति के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी की जा रही है कृपया सावधानी बरतें।

डिजिटल अरेस्ट- नए स्कैम से रहें सावधान सायबर अपराधी वीडियो कॉल के जरिये लोगों को डरा धमका कर ठगी को अंजाम दे रहे हैं। नागरिक सतर्क रहें, इंवेस्टीगेशन एजेंसियों के नाम से आ रही ऐसी किसी कॉल से डरकर ऑनलाइन रुपए न दें।

*AI Voice Scam Alert* : इस तकनीक का उपयोग कर स्कैमर्स आपके परिवार का सदस्य या परिचित बनकर कॉल पर बात करता है और किसी इंमरजेंसी के बहाने आपसे पैसे की डिमांड करता है। ऐसे कॉल से सावधान रहें। पहले नंबर की जांच करें।

वर्तमान में एक विशेष प्रकार का साइबर अपराध देखने को मिल रहा है जिसमें आपके बच्चे जो आपसे दूर शहर में पढ़ाई कर रहे हैं ,उनको किसी अपराध में पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने की बात कह कर लोगों से पैसों की ठगी की जा रही है। अत: बच्चों की गिरफ्तारी का डर दिखाकर होने वाली ठगी से सावधान रहे।

किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा बैंक संबंधी जानकारी जैसे उपयोगकर्ता का आईडी पासवर्ड /ATM कार्ड नंबर /पिन /CVV नंबर/ OTP नंबर आदि मांगे जाने पर प्रदाय ना करें। बैंक कभी भी फोन पर बैंक संबंधी जानकारी नहीं मांगते हैं।

गूगल के माध्यम से कस्टमर केयर नंबर सर्च करने के लिए अधिकृत वेबसाइट को ही चुने।

अनजान लिंक पर क्लिक न करे।

सोशल मीडिया पर प्रोफाइल पिक्चर को लॉक व सिक्योर करके रखे।

अपनी सोशल मीडिया ID(Facebook, Instagram, whatsApp etc) पर हमेशा 2 स्टेप वेरीफिकेशन चालू रखे।

बैंकिंग App में लॉक लगा के रखे।

अनजान एप्प को Play Store के अलावा दूसरे प्लेटफॉर्म से डाउनलोड न करे।

किसी भी अनजान एप्प को मोबाइल की (जैसे गैलरी, कॉन्टेक्ट, स्क्रू, लोकेशन) परमिशन न दे।

ट्रांजैक्शन करते समय किसी भी रिमोट एक्सेस एप जैसे टीमव्यूअर/एनीडेक्स आदि को मोबाइल में इंस्टॉल ना करें।

नौकरी की ऐसी पेशकश से बचे जिसमें आपको पैसे जमा करने के लिए कहा जा रहा हो।

किसी को भी अपना मोबाइल न दे।

फेसबुक और व्हाट्सएप मैसेंजर का उपयोग कर युवक/युवतियों के अश्लील वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल कर, की जा रही फिरौती की मांग से बचे।

बैंक फ्रॉड होने पर तुरंत हेल्पलाईन नंबर 1930 पर कॉल करे या cyber-crime.gov.in पर रिपोर्ट करे। सायबर सेल झाबुआ के हेल्पलाईन नंबर 70491 40517 पर भी कॉल कर सकते है।

# गोपाष्टमी के निमित्त आज मंगलय मंदिर में भव्य प्रोग्राम का आयोजन



पंचेड़- गोपाष्टमी के निमित्त आज मंगलय मंदिर में भव्य प्रोग्राम का आयोजन किया गया योग वेदांत सेवा समिति व युवा सेगोपाष्टमी के निमित्त आज मंगलय मंदिर में भव्य प्रोग्राम का आयोजन किया गयावा संघ महिला मंडल के साथ में वाघेला जीव सेवा समिति के तत्वाधान में यह प्रोग्राम आयोजित किया गया मंगलयान मंदिर ट्रस्ट की तरफ से महावीर सिंह व सुदामा मिश्रा ने मुख्य रूप से व्यवस्था संभाली योग वेदांत सेवा समिति की तरफ से प्रेम प्रकाश बातों की युवा सेवा संघ की तरफ से राजू सालवी दिनेश जी वाघेला मुख्य अतिथि के रूप में महापौर प्रहलाद जी पटेल व भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रदीप जी उपाध्याय समाजसेवी प्रभु जी राठौड़ व अनिल झालानी मुख्य रूप से पधारे भागवत कथाकार चेतन जी शर्मा के द्वारा गो कथा का आयोजन यहां पर किया गाय माता को 56 भोग का प्रसाद खिलाया गया सभी अतिथि व भक्त जनों के द्वारा गाय माता की भव्य दिव्य आरती की गई सभी लोगों ने मिलकर गाय माता की सेवा और सुरक्षा के लिए यहां पर संकल्प भी लिया मंगल मंदिर ट्रस्ट में लगभग 350 से भी ज्यादा गो वंश की सेवा की जाती है रतलाम जिले की सबसे सर्वश्रेष्ठ गौशाला में यहां की गिनती है की जाती है

## बखतगढ़ की अनुष्का ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**कक्षा आंठवी की अनुष्का राठौड़ ने स्वर्ण पदक हासिल कर प्रदेश को गौरान्वित किया हैं**



बदनावर । जिले की बदनावर तहसील के अंतर्गत ग्राम बखतगढ़ की कक्षा आंठवी की छात्रा कुमारी अनुष्का राठौड़ ने राज्य स्तरीय शालेय एथेलेटिक प्रतियोगिता छतरपुर में आयोजित 400 मीटर रिले दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर इंदौर संभाग को स्वर्ण पदक दिलाया। प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल दिलाकर नेशनल लेवल पर अपना नाम दर्ज करवाया। गोल्ड मेडल हांसिल करने पर सरदार पटेल स्कूल के प्राचार्य,शिक्षकगण,ट्रस्ट,परिवारजनों में खुशी व्यक्त कर शुभाशीष प्रदान किया है। अनुष्का के पिता राहुल राठौड़ एक किसान हैं। उधर अनुष्का राठौड़ आज़ाद अध्यापक शिक्षक संघ धार के जिला अध्यक्ष ओपी राठौड़ की पोती है। अनुष्का ने रिले दौड़ में प्रथम स्थान व साथ ही गोल्ड मेडल प्राप्त करके प्रदेश,जिले,तहसील एवं ग्राम व समाज व परिवार के साथ-साथ अपना नाम भी रोशन किया हैं।

# बदनावर में शनिवार को बीपीएमयू की ब्लॉक स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई



**बदनावर** । बदनावर में शनिवार को जनपद शिक्षा केन्द्र पर आयोजित ब्लॉक स्तरीय बैठक में धार जिला परियोजना समन्यवक (डीपीसी) प्रदीप खरे ने बीपीएमयू की बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक में समस्त जनशिक्षक,बीएसी,साक्षरता सह-समन्वयक को आगामी नेसएफएलएन,अंकुर मिशन,साक्षरता,ड्रॉप ऑउट बच्चे,यू डाइस में शत-प्रतिशत कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के पश्चात विकासखण्ड बदनावर के स्कूलों का औचक निरीक्षण निरीक्षण भी किया। जिसमें बदनावर के विद्यालय वार्ड क्रमांक 07 का निरीक्षण किया साथ ही स्कूली बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन भी किया। डीपीसी प्रदीप खरे ने बैठक में अन्य महत्वपूर्ण जानकारी देकर संकुल स्तर पर शैक्षणिक गतिविधियों को मजबूत उत्कृष्ट करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर बीआरसी डीएन गुजराती,बीएसी ओपी राठौर,जयराम मालवीय ब्लॉक साक्षरता केंद्र प्रभारी प्रदीप तिवारी,जनशिक्षक मनोज कुमार देराश्री,उपेन्द्र उपाध्याय,गिरधारीलाल वर्मा,सोहनसिंह पंवार,मुकेश पुरोहित,नवीन शर्मा,ललित मारू,विक्रमसिंह चौहान,प्रवीण पाटीदार,प्रदीप मारू,वासुदेव सौलंकी,महेश जाट,कृष्णालाल बेकड़ा,विष्णुगोपाल गोयल सहित साक्षरता सहसमन्वयक आदि उपस्थित थे। इस मौके पर बैठक में बीआरसी गुजराती ने भी संबोधित कर पेंडिंग कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। उक्त जानकारी भैसोला संकुल के सह-समन्वयक बी.एल.सूर्यवंशी ने दी।

# पार्षद पुत्र ने हिंदू युवती के साथ की छेड़छाड़ बचाव करने आए भाई से की

## बजरंगियों के हस्तक्षेप के बाद आरोपी के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज

इंदौर के भंवरकुआ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले द किंग्स ट्रेंगल कैफे पर तीन इमली निवासी पढ़ाई करने वाली छात्र कल काफी पीने पहुँचि थी कांग्रेस पार्षद साजिद खान के लड़के उमेर खान ने लड़कीं छाती लगते हुए बुरी नियत से हाथ पकड़ के छेड़छाड़ करने लगा जब छेड़छाड़ का विरोध लड़कीं के मुंह बोले भाई ने किया तो उमेर ने लड़कीं भाई को जबर्दस्ती कार बैठा कर ले गए मारपीट की गई जैसे तैसे भाई वापस कैफे पहुँच घटना बतायी पीड़ित ने बजरंग दल कार्यकर्ताओं से संपर्क कर पूरा घटनाक्रम बातए जब मुकदमा दर्ज करने भंवरकुआ थाने पहुँचे तो कार्यवाही पुलिस ने आनाकानी की जिसके बाद बड़ी संख्या बजरंगियों ने थाने घेराव कर लिया जिसके बाद भंवरकुआ पुलिस ने कांग्रेस पार्षद साजिद खान का लड़का उमेर खान गंभीर धराओ में मुकदमा दर्ज कर लिया गए बातए जा रहा वर्ग विशेष युवको द्वारा के भंवरपुर क्षेत्र में बने कैफे बैठकर हिन्दू लड़कियों से नाम छुपकर दोस्ती कर उन्हें लव जिहाद का शिकार बनाए जाता है इस मामले के बजरंगियों ने आव्हान किया है जल्द भंवरकुआ थाना क्षेत्र बने कैफे पर चेकिंग अभियान चलाया जाएगा कार्यवाही के दौरान बड़ी संख्या में रामेश्वरम जिले के कार्यकर्ताओं जमावड़ा थाना पर लगा रहा !.



